■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-10 अंक-2

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 10 फरवरी , 2025




महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

बढ़ती महंगाई से जनता पर बोझ बढ़ रहा है:आसिफ कादरी 7

हैलट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवक की लटकी मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस 8

## दिल्ली चुनाव में आप की करारी हार के लिए अरविन्द केजरीवाल जिम्मेदार हैं?



नई दिल्ली। प्रशांत भूषण ने कहा, वैकल्पिक राजनीति के लिए गठित एक पार्टी, जिसे पारदर्शी, जवाबदेह और लोकतांत्रिक माना जाता था, उसे अरविंद ने जल्दी ही एक सुप्रीमो के वर्चस्व वाली, अपारदर्शी और भ्रष्ट पार्टी में बदल दिया, जिसने लोकपाल की मांग नहीं की और अपने स्वयं के लोकपाल को हटा दिया।

2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की अगुआई वाली आम आदमी पार्टी बीजेपी से हार गई है। अब आप की करारी हार के कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है। इन सबके बीच केजरीवाल के पूर्व सहयोगियों ने आम आदमी पार्टी की हार के लिए उन्हें ही जिम्मेदार ठहराया है। उनके पूर्व सहयोगियों का कहना है कि दिल्ली के पूर्व सीएम की बहानेबाजी, दुष्प्रचार की राजनीति इसकी वजह है।

**प्रशांत भूषण ने केजरीवाल पर साधा निशाना**

प्रशांत भूषण, जिन्हें पार्टी की दिशा और नेतृत्व शैली पर आंतरिक संघर्ष और मतभेदों के कारण आप से निष्कासित कर दिया गया था, ने कहा, वैकल्पिक राजनीति के लिए गठित एक पार्टी, जिसे पारदर्शी, जवाबदेह और लोकतांत्रिक माना जाता था, उसे अरविंद ने जल्दी ही एक सुप्रीमो के वर्चस्व वाली, अपारदर्शी और भ्रष्ट पार्टी में बदल दिया, जिसने लोकपाल की मांग नहीं की और अपने स्वयं के लोकपाल को हटा दिया।

प्रशांत भूषण ने कहा कि उन्होंने अपने लिए 45 करोड़ का शीश महल बनवाया और लग्जरी कारों में घूमना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने आप द्वारा गठित विशेषज्ञ समितियों की 33 विस्तृत नीति रिपोर्टों को यह कहते हुए रद्दी में डाल दिया कि पार्टी समय आने पर उचित नीतियां अपनाएगी। प्रशांत भूषण ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को लगता था कि राजनीति बखान और दुष्प्रचार से की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह आप के अंत की शुरुआत है।

स्वराज इंडिया पार्टी के सह-संस्थापक और चुनाव विश्लेषक योगेंद्र यादव भी कभी आप का हिस्सा थे। लेकिन 2015 में प्रशांत भूषण के साथ उन्हें भी पार्टी से निकाल दिया गया था। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार को वैकल्पिक राजनीति का सपना देखने वालों के लिए झटका बताया।

स्वराज इंडिया पार्टी के सह-संस्थापक योगेंद्र यादव ने कहा कि आप की हार न केवल आप के लिए बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक बड़ा झटका है जिन्होंने 10-12 साल पहले इस देश में वैकल्पिक राजनीति का सपना देखा था। समाचार एजेंसी पीटीआई ने यादव के हवाले से कहा, यह आप का समर्थन करने वाली सभी पार्टियों और देश के पूरे विपक्ष के लिए एक झटका है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने सत्ता में आने के तुरंत बाद वैकल्पिक राजनीति को छोड़ दिया और कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित हो गई जो संतृप्ति बिंदु तक पहुंच गई।

## धरा रह गया एजुकेशन मॉडल, फेल हो गया मोहल्ला क्लीनिक

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे शनिवार को घोषित हो गए और जैसा कि एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया था ठीक वैसा ही हुआ. बीजेपी 27 साल बाद राजधानी में सरकार बनाने जा रही है. बीजेपी 47 और आम आदमी पार्टी 23 सीटों पर आगे चल रही है. कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला है. अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती और मनीष सिसोदिया जंगपुरा सीट से चुनाव हार चुके हैं. सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश से पीछे चल रहे हैं. जबकि आतिशी को कालकाजी सीट पर जीत मिली है.आम आदमी के मुद्दों को उठाकर 2015 में आम आदमी पार्टी 67 सीटें जीतकर दिल्ली की किंग बनी थी. बीजेपी समेत कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था. 2020 के चुनाव में भी कमोबेश पिक्चर ऐसी थी. केजरीवाल की पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं और बीजेपी को 8 सीटों से संतोष करना पड़ा था. आम आदमी पार्टी ने हमेशा दावा किया है कि उसके राज में मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक और स्कूलों की स्थिति बेहतर हुई है. लेकिन 10 साल में ही अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी अर्श से फर्श पर कैसे आ गई, अब यह सवाल उठ रहा है.दरअसल आप के दूसरे टर्म में उस पर भ्रष्टाचार, शराब घोटाला और शीशमहल बनाने जैसे आरोप लगे. वहीं यमुना में गंदगी का मुद्दा बीजेपी ने जोर-शोर से उठाया, जिसे काउंटर करने में आम आदमी पार्टी फेल रही. साल 2013 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को हराकर अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे. तब उनको 25000 वोट मिले थे. इसके बाद 2015 में उन्होंने बीजेपी की नुपूर शर्मा को 31000 वोटों से मात दी थी. 2020 में बीजेपी के सुनील यादव को उन्होंने 21000 वोटों से हराया था.

लेकिन इस बार उनको खुद करारी शिकस्त मिली. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी इस बार लोगों का मूड और दिल्ली के अन्य मुद्दों को हल कर पाने में भी नाकाम रही. दूसरे टर्म में ज्यादातर राजनीति वार-प्रतिवार पर केंद्रित रही.केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे.खास तौर से शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था, जिसने उनकी साख पर सवाल उठाए. इसके अलावा शीशमहल के वीडियोज भी जमकर वायरल हुए, जिससे उनकी आम आदमी पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचा. लोग अरविंद केजरीवाल से उनके किए गए स्वच्छ पानी, स्वच्छ सड़कें और सीवर समस्या हल ना कर पाने से भी नाराज थे. कई बार लोगों ने उनको वादाखिलाफी के लिए जिम्मेदार ठहराया. एलजी और केंद्र सरकार के साथ उनकी रोजमर्रा की नोकझोंक ने पार्टी के तौर-तरीकों पर सवाल उठाया. अब आप के हालात ऐसे हैं कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन चुनाव हार चुके हैं. अन्य बड़े नेता भी हार की कतार हैं. देखना यह होगा कि इस करारी हार से आम आदमी पार्टी क्या सबक लेती है.

## दिल्ली विधानसभा में 27 साल बाद भाजपा की वापसी, कांग्रेस ने लगाई 0 की हैट्रिक


नयी दिल्ली, 8 फरवरी (निस)। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में 27 सालों बाद कमल का कमाल नजर आया है। वहीं प्रदेश की जनता ने इस बार नो केजरीवाल कहा है। वहीं इस बार के चुनाव में अगर किसी के लिए कुछ नहीं बदला तो वो देश की ग्रैंड ओल्ड पार्टी कांग्रेस है। जिसने जीरो की हैट्रिक लगाते हुए अपना पिछले दो बार का प्रदर्शन बरकरार रखा। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में बीजेपी 48 सीटों पर कमल खिलाने में कामयाब रही। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमट गई। आप के उदय से पहले लगातार तीन बार शीला दीक्षित की अगुवाई में दिल्ली की सत्ता पर राज करने वाली कांग्रेस पिछले 3 चुनावों से एक सीट तक के लिए तरस गई है। दिल्ली में इस बार वोट शेयर की बात करें तो बीजेपी को करीब 46 फीसदी वोट मिले हैं जबकि आम आदमी पार्टी करीब 44 फीसदी वोट पाने में सफल रही है। 6.40 वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की ईमानदार और स्वच्छ राजनीति के पैरोकार वाली छवि पर प्रहार, चुनाव लड़ने की कथित पारंपरिक शैली साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की जगह लोगों के मुद्दों को प्रमुखता और प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रबंधन ने राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सत्ता में वापसी में प्रमुख भूमिका निभाई। इनके अलावा, जमीनी स्तर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की बूथ स्तरीय लगातार छोटी-छोटी बैठकों ने भी भाजपा की जीत की बुनियाद गढ़ने में योगदान दिया।

नयी दिल्ली सीट पर कड़े त्रिकोणीय मुकाबले में वर्मा को 30,088 वोट मिले, जबकि केजरीवाल को 25,999 वोट मिले। कांग्रेस के संदीप दीक्षित 4,568 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पश्चिमी दिल्ली से दो बार सांसद रहे वर्मा ने भाजपा द्वारा आधिकारिक तौर पर उनकी उम्मीदवारी घोषित किए जाने से पहले ही केजरीवाल के खिलाफ अपना अभियान शुरू कर दिया और खुद को दिल्ली के तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री के लिए मुख्य चुनौती के रूप में पेश किया। केजरीवाल पर उनकी जीत से न केवल राजधानी में भाजपा के सबसे प्रमुख जाट नेताओं में से एक के रूप में उनका कद बढ़ गया है, बल्कि मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदार के रूप में उनकी स्थिति भी मजबूत हो गई है। प्रबंधन में स्नातक वर्मा युवावस्था से ही राजनीति में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



(आरएसएस) से शुरुआत की और फिर भाजपा में शामिल हुए। वर्ष 2014 और 2019 में पश्चिमी दिल्ली से लगातार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने से पहले वह 2013 में महरौली से विधायक बने। वर्तमान में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य वर्मा अपने पिता (दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा) द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन 'राष्ट्रीय स्वाभिमान' के माध्यम से सामाजिक कार्यों में भी शामिल रहे हैं। आप के शिक्षा मॉडल को सिसोदिया की हार से लगा झटकाभाजपा के मारवाह ने जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र में सिसोदिया को 675 मतों के मामूली अंतर से हराया। मारवाह को 38,859 वोट मिले, जबकि सिसोदिया को 38,184 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार फरहाद सूरी को 7,350 वोट मिले। आप के प्रमुख रणनीतिकार और पार्टी के शिक्षा सुधारों का चेहरा रहे सिसोदिया दिल्ली आबकारी नीति मामले में 2023 में अपनी गिरफ्तारी के बाद 17 महीने जेल में बिताने के बाद चुनावी राजनीति में लौट आए थे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कर्नाटक के वैश्विक निवेशक सम्मेलन में भाग लेंगे



नयी दिल्ली। कर्नाटक के मंत्री एम बी पाटिल ने शनिवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों के 11 फरवरी को यहां आयोजित होने वाले वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2025 में भाग लेने की उम्मीद है। बड़े और मध्यम उद्योग मंत्री पाटिल ने कहा, ''राज्य को प्रमुख क्षेत्रों में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।'' मंत्री ने कर्नाटक के औद्योगिक एवं आर्थिक भविष्य के लिए एक साहसिक दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन 12-14 फरवरी तक चलेगा। इस समारोह का 11 फरवरी, 2025 को उद्घाटन किया जाएगा।

पाटिल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री प्रल्हाद जोशी और केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी के उद्घाटन और शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, ''हम 11 फरवरी को शाम 4 बजे वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2025 का उद्घाटन सत्र आयोजित करने जा रहे हैं और राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे।''

## दिल्ली और मिल्कीपुर में भाजपा की जीत पर मायावती ने दी प्रतिक्रिया, कहा- वादों और गारंटियों को जल्द पूरा करें

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव और अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बंपर जीत के बाद अब बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) सुप्रीमो मायावती ने पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने हवा चले जिधर की, चलो तुम उधर की के तर्ज पर वोट देकर भाजपा की सरकार 27 वर्षों के बाद दिल्ली में बना दी है, तो केन्द्र की भाजपा सरकार का उत्तरदायित्त्व बनता है कि वह दिल्ली की लगभग दो करोड़ जनता से किए गए जनहित व जनकल्याण के तमाम वादों और गारण्टियों आदि को पूरी ईमानदारी व निष्ठा से जल्दी पूरा करे।

मायावती ने कहा कि बीजेपी द्वारा वादा व गारंटी निभाना जरूरी ताकि आम लोगों का जीवन बेहतर अर्थात् अच्छे दिन वाला, दूसरे गरीब व मेहनतकश लोगों से, थोड़ा बेहतर जरूर हो सके और इस क्रम में सबसे पहले यमुना की सफाई और वायु प्रदूषण आदि से मुक्त करके दिल्ली को रहने योग्य स्वस्थ्य बनाये। उन्होंने कहा कि सपा भी मिल्कीपुर उपचुनाव में अपनी करारी हार का जवाब जनता को दे क्योंकि पिछली बार सपा ने अपनी हार के लिए बीएसपी को जिम्मेवार ठहराकर बचना चाहा था।

मायावती ने कहा कि वैसे अगर देखा जाए तो दिल्ली की आप पार्टी, भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार के बीच हर स्तर पर लगातार जबरदस्त राजनीतिक द्वेष, संघर्ष, टकराव व तनाव आदि के कारण दिल्ली का अपेक्षित एवं समुचित विकास ठीक से नहीं हो पाया है, जिसका खामियाजा खासकर गरीब व मेहनतकश परिवारों एवं अप्रवासी लोगों को विभिन्न रूपों में बराबर उठाना पड़ा है।

उन्होंने आगे कहा कि किन्तु अब केन्द्र सरकार की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि लोगों से किए गए अनेकों वादों व गारण्टियों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा करके सभी के दुख-दर्द वनित्य दिन की परेशानियों को पूरी तन्मयता से दूर करे और सबसे बढ़कर यमुना की सफाई तथा वायु प्रदूषण आदि से मुक्त करके दिल्ली को रहने योग्य स्वस्थ्य बनाये।

## घरेलू हिंसा के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने परिवार के सदस्यों को अंधाधुंध तरीके से फंसाने के खिलाफ दी चेतावनी

घरेलू हिंसा के मामलों को अत्यधिक संवेदनशीलता के साथ संभालने की जरूरत पर गौर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी आरोपी के परिवार के सदस्यों को आपराधिक मामले में विशिष्ट आरोप के बिना व्यापक तरीके से नहीं फंसाया जा सकता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में भावनाएं चरम पर होती हैं और परिवार के अन्य सदस्यों को फंसाने की प्रवृत्ति हो सकती है जो शिकायतकर्ता के बचाव में नहीं आते हैं या उत्पीड़न की किसी भी कथित घटना के मूकदर्शक बने रहते हैं।अदालत ने कहा कि घरेलू हिंसा से संबंधित आपराधिक मामलों में, शिकायतें और आरोप, जहां तक ? ?संभव हो, परिवार के प्रत्येक सदस्य के खिलाफ विशिष्ट होने चाहिए, जिन पर ऐसे अपराधों का आरोप लगाया गया है और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की गई है, अन्यथा यह परिवार के सभी सदस्यों को अंधाधुंध घसीटकर कठोर आपराधिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हो सकता है। ये टिप्पणियाँ एक फैसले में प्रतिबिंबित हुईं, जिसने उन परिवार के सदस्यों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया, जिनके खिलाफ एक महिला ने अपने ससुराल वालों के अलावा घरेलू हिंसा का मामला दायर किया था।तेलंगाना हाई कोर्ट ने मुख्य आरोपी की मौसी और चचेरे भाई के खिलाफ कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि परिवार के सदस्यों को जिम्मेदार ठहराए गए विशिष्ट कृत्यों के बिना इसे आपराधिक कृत्य नहीं माना जा सकता। जब गुस्सा बढ़ जाता है और रिश्ते कड़वे हो जाते हैं, तो आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने की प्रवृत्ति भी होती है, जिसका मतलब यह नहीं है कि ऐसे घरेलू विवादों को आपराधिकता का रंग दे दिया जाना चाहिए।

## जयराम ठाकुर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत पर भाजपा को बधाई दी

पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए बनी आम आदमी पार्टी (आप) खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। मैं दिल्ली की जनता को 'आप-दा' से मुक्ति मिलने के लिए बधाई देना चाहता हूं।हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के चुनाव परिणाम ने राज्य में कांग्रेस सरकार के लिए 'राह कठिन' कर दी है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार चुनावी हार से हताश हैं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा निर्वाचन आयोग पर निराधार आरोप लगा रहे हैं। ठाकुर ने दिल्ली में पार्टी की जीत के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को भी बधाई दी।पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए बनी आम आदमी पार्टी (आप) खुद भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। मैं दिल्ली की जनता को 'आप-दा' से मुक्ति मिलने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं





सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502, 9335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in


## संपादकीय

### महाकुंभ की त्रासदी

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर तड़के हुए हादसे में कुछ श्रद्धालुओं की मौत की घटना निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। यूं तो अतीत में भी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक व उज्जैन के कुंभों के दौरान भी कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, लेकिन सवाल है कि क्या हम अतीत के हादसों से कोई सबक ले पाए हैं ? यूं तो उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मेला प्रबंधन व सुरक्षा के चाकचौबंद बंदोबस्त के दावे किए गए थे, लेकिन मौनी अमावस्या की घटना ने यह दुखद स्थिति पैदा कर दी है। करोड़ों तीर्थयात्रियों का अचानक किसी धार्मिक आयोजन में पहुंचना निश्चित रूप से शासन व प्रशासन के लिये बड़ी चुनौती बन जाती है। लेकिन इसके बावजूद शासन-प्रशासन की प्राथमिकता दुर्घटना मुक्त आयोजन ही होना चाहिए।दरअसल, ऐसे आयोजनों में तीर्थयात्रियों की जल्दीबाजी और पहले स्नान करने की होड़ अकसर ऐसी भगदड़ पैदा कर देती है। जो बताती है कि हम सार्वजनिक जीवन में ऐसे बड़े आयोजनों में अनुशासित व्यवहार करने से चूक जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि कुंभ के आयोजनों में पिछले बड़े हादसों के सबक हम पूरी तरह सीख नहीं पाए हैं। हालांकि, शासन-प्रशासन को इस बात का अंदाज था कि इस बार करोड़ों की भीड़ जुटेगी, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं सावधानी में चूक तो हुई है। निस्संदेह, महाकुंभ का आयोजन भारतीय सनातन परंपरा का अटूट हिस्सा रहा है। बिना चिट्ठी व तार देश के कोने-कोने से तीर्थयात्री महाकुंभ में जुटते हैं। कल्पवास में संयमित जीवन से आध्यात्मिक लाभ अर्जित करते हैं। लेकिन बदलते वक्त के साथ यातायात के साधनों की उपलब्धता से ऐसे आयोजनों पर भीड़ का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया की सक्रियता ऐसे आयोजन के प्रति अतिरेक आकर्षण पैदा कर देती है, जिससे श्रद्धालुओं का अप्रत्याशित सैलाब कुंभ नगरी की तरफ मुड़ जाता है। निश्चित रूप से समय के साथ आये सामाजिक बदलावों के मद्देनजर शासन-प्रशासन को महाकुंभ के आयोजन में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।निश्चित रूप से महाकुंभ के आयोजन से जुड़े तंत्र को उन कारकों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जिसके चलते इस त्रासदी की छाया प्रयागराज महाकुंभ पर पड़ी। उन तमाम संभावनाओं पर विचार करने की जरूरत है जो कुंभ जैसे बड़े आयोजनों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने में सहायक हो सकती हैं। हालांकि, प्रयागराज महाकुंभ में एआई, ड्रोन व कंप्यूटरों के जरिये व्यापक सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी की जा रही है, लेकिन अभी भी अफवाहों व भगदड़ की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। तीर्थयात्रियों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि वे धैर्य के साथ अपनी स्नान की बारी का इंतजार करें। साथ ही अफवाहों व जल्दीबाजी से बचें। बताया जाता है कि प्रयागराज हादसे में भी कुछ तीर्थयात्रियों द्वारा स्नान में जल्दीबाजी करने तथा अखाड़ा मार्ग पर लगे बैरिकेड्स पर चढ़ने पर मची अफरातफरी को कारण बताया गया।

# जीवनशैली में सुधार से घातक रोग पर अंकुश संभव

हालांकि कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए टीके, एआई, डेटा डिजिटल तकनीक का विस्तार, लिक्विड बायोप्सी से निदान, जीन एडिटिंग टेक्नॉलोजी का विकास एवं अगली पीढ़ी के इम्युनोथेरैपी तथा सीएआर टी सेल थैरेपी का इस्तेमाल कैंसर के उपचार को नया रूप देंगे। वहीं डिजिटल तकनीक, आईटी तथा टेली-हैल्थ से मरीजों एवं विशेषज्ञों के बीच खाई कम होगी। चुनौती होगी कि इन प्रौद्योगिकियों को लाखों लोगों के लिए कैसे सस्ता और सुलभ बनायें। डा. अब्राहम के मुताबिक, कैंसर मरीजों के बढ़ते आंकड़ों को रोकने का एकमात्र विकल्प टीकाकरण है। ऐसे सभी टीकों पर परीक्षण जारी हैं।महामारी विज्ञान के अध्ययनों के अनुसार कैंसर के 70-90 फीसद मामले पर्यावरण से जुड़े हैं, जिनमें कैंसर का कारण बनने वाले पर्यावरणीय जोखिमों में जीवनशैली कारक सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिनमें सुधार करके कैंसर की सुनामी रोकना संभव है।



दुनिया में तेजी से फैल रहे कैंसर के आंकड़े चिंताजनक हैं। भारत के लिए यह और भी बड़ी चुनौती है। कई अध्ययन व रिपोर्टें इस बारे चेताती भी हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, भविष्य में विभिन्न किस्म के कैंसर का सामना जहां उपचार के आधुनिक, हाईटेक साधन अपनाकर करना होगा वहीं इसकी रोकथाम के लिए जीवनशैली में बदलावों की जरूरत होगी।

दुनियाभर में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी ग्लोबोकॉन के मुताबिक जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के चलते विश्वभर में 2040 तक कैंसर के मामले प्रतिवर्ष 2.84 करोड़ तक पहुंच सकते हैं, जो 2020 के मुकाबले 47 फीसद ज्यादा होंगे। वर्ष 2020 में दुनियाभर में अनुमानित तौर पर कैंसर के 1.93 करोड़ नए मामले आए थे और लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुई थी।अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार कैंसर मरीजों की संख्या वैश्वीकरण और बढ़ती अर्थव्यवस्था से जुड़े जोखिम कारकों में वृद्धि से बढ़ सकती है। लोगों को कैंसर के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दुनियाभर में प्रतिवर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है।

बीएमजे ऑन्कोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की स्टडी के अनुसार पिछले 30 वर्षों में दुनियाभर में 50 वर्ष से कम आयु के लोगों में कैंसर के नए मामलों में 79 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।इस दौरान श्वासनली और प्रोस्टेट कैंसर के मामले सर्वाधिक रिपोर्ट किए गए, जो चिंता बढ़ाने वाले हैं। 1990 के बाद से श्वासनली और प्रोस्टेट कैंसर सबसे तेजी से बढ़ा। 2019 की शुरुआत में स्तन कैंसर के मामले सर्वाधिक रिपोर्ट किए जा रहे थे, जिसका जोखिम बना हुआ है। स्तन, श्वासनली, फेफड़े, आंत और पेट कैंसर के कारण अभी भी सर्वाधिक मौतें रिपोर्ट की जा रही हैं। ि

वशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 में कैंसर के नए शुरुआती मामलों में 31 प्रतिशत और उससे जुड़ी मौतों में 21 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज 2019 के आंकड़ों के आधार पर रिसर्चर्स के मुताबिक- 2019 में 50 से कम उम्र के लोगों में कैंसर के नए मामलों की संख्या 1.82 मिलियन थी, जो 1990 के आंकड़े से 79 प्रतिशत अधिक थी।

भारत में कैंसर के निरन्तर बढ़ रहे मामले स्वास्थ्य ढांचे के लिए गंभीर चुनौती हैं। प्री-मैच्योर मौत का सबसे बड़ा कारण माने जाने वाले कैंसर के मामलों का ग्राफ देश में लगातार ऊपर की ओर जा रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया में प्रतिवर्ष एक करोड़ से भी ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आते हैं और दुनिया के 15 फीसदी कैंसर मरीज भारत में हैं। कई मामलों में तो मरीज अपना इलाज तक नहीं करा पाते। इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च आईसीएमआर की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में आगामी पांच वर्षों में कैंसर मामलों की संख्या 12 फीसदी बढ़ जाएगी।


यहां कैंसर के 40 फीसदी से भी ज्यादा मरीज फेफड़े, स्तन, अन्नप्रणाली , मुंह, पेट, लीवर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से पीड़ित हैं, जिनमें फेफड़ों के कैंसर से 10.6 फीसद, स्तन कैंसर से 10.5, अन्नप्रणाली कैंसर से 5.8, मुंह के कैंसर से 5.7, पेट के कैंसर से 5.2, लीवर कैंसर से 4.6 और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से 4.3 फीसदी लोग पीड़ित हैं।

राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में कैंसर के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं।

आईसीएमआर तथा नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इन्फॉरमेटिक्स एंड रिसर्च (एनसीडीआईआर) के अनुसार भारत में कैंसर के कुल केसों का करीब 27 फीसदी तम्बाकू जनित होने की संभावना है। इसके अलावा स्तन कैंसर के 2.4 लाख जबकि फेफड़ों के कैंसर के 1.1 लाख तथा मुंह के कैंसर के 90 हजार मामले सामने आ सकते हैं । रिपोर्टों के अनुसार पुरुषों में कैंसर के 50 फीसदी मामले तम्बाकू के कारण होते हैं।अमेरिका के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञ डा. जेम अब्राहम चेतावनी दे चुके हैं कि भारत को कैंसर जैसी क्रॉनिक बीमारियों की सुनामी का सामना करना पड़ सकता है। उनके मुताबिक वैश्वीकरण, बढ़ती अर्थव्यवस्था, बढ़ती आबादी और बदलती जीवनशैली के कारण ये मामले बहुत तेजी से बढ़ेंगे। हालांकि कैंसर की रोकथाम और उपचार के लिए टीके, एआई, डेटा डिजिटल तकनीक का विस्तार, लिक्विड बायोप्सी से निदान, जीन एडिटिंग टेक्नॉलोजी का विकास एवं अगली पीढ़ी के इम्युनोथेरैपी तथा सीएआर टी सेल थैरेपी का इस्तेमाल कैंसर के उपचार को नया रूप देंगे । वहीं डिजिटल तकनीक, आईटी तथा टेली-हैल्थ से मरीजों एवं विशेषज्ञों के बीच खाई कम होगी। चुनौती होगी कि इन प्रौद्योगिकियों को लाखों लोगों के लिए कैसे सस्ता और सुलभ बनायें। डा. अब्राहम के मुताबिक, कैंसर मरीजों के बढ़ते आंकड़ों को रोकने का एकमात्र विकल्प टीकाकरण है। ऐसे सभी टीकों पर परीक्षण जारी हैं।

महामारी विज्ञान के अध्ययनों के अनुसार कैंसर के 70-90 फीसद मामले पर्यावरण से जुड़े हैं, जिनमें कैंसर का कारण बनने वाले पर्यावरणीय जोखिमों में जीवनशैली कारक सबसे महत्वपूर्ण हैं, जिनमें सुधार करके कैंसर की सुनामी रोकना संभव है।

# आओ ताली बजाएं-स्वस्थ्यता की ओर कदम बढ़ाए



गोंदिया - भारत के हजारों वर्षों के इतिहास का अगर हम अध्ययन करें तो हमें हर सामायिक अंतर में हमें अनमोल गाथाएं महसूस करने को मिलेगी, कि क्यों भारत को सोने की चिड़िया का दर्जा दिया जाता था, क्यों हजारों हमारे पूर्वजों, बड़े बुजुर्गों की अनमोल संस्कृति सभ्यता वैश्विक स्तरपर सटीक लुभावने, आकर्षित करने वाली हैं जिसपर बुरी नजरें अंग्रेजों की पड़ी और इस सोने की चिड़िया को गुलाम बनाकर अनमोल संसाधनों का दोहन किया। वैसे तो गाथाओं का कोई अंत नहीं परंतु आज हम भारत की ताली गाथा पर चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगे जिसके उद्धत फायदे हैं, मानवीय ऊर्जा और स्पंदन को उठाती है। जो परंपरा पुरातन काल से ही चली आ रही है शायद ऋषि-मुनियों को पता था कि लोगों के पास व्यायाम का भी समय नहीं बचेगा इसलिए ताली संस्कृति शुरू की आओ ताली बजाएं!!

साथियों बात अगर हम ताली को परिभाषित करने की करें तो, ताली उस ध्वनि को कहते हैं जो दो सपाट सतहों के आपस में टकराने से उत्पन्न होती है, जैसे मनुष्यों या जानवरों के अंगों में, मनुष्य अपने हाथ की हथेलियों द्वारा ताली बजाते हैं, प्राय: प्रशंसा या अनुमोदन (देखें सराहना) की अभिव्यक्ति में निरंतर घनघनाहट साथ, लेकिन कभी-कभी ताली लय के साथ भी बजायी जाती है जिससे कि वह संगीत और नृत्य के स्वरों से मेल करे। सील उन कुछ जंतुओं में से हैं जो ताली बजा सकते हैं।साथियों बात अगर हम ताली बजाने के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की करें तो, ताली बजाना एक व्यायाम ही है, ताली बजाने से हमारे शरीर में खिंचवा होता है, शरीर की मांसपेशियां एक्टिव हो जाती है।जोर - जारे से ताली बजाने से कुछ ही देर में एहसास होगा कि आपको पसीना आना शुरू हो गया और पूरे शरीर में एक उत्तेजना पैदा हो गई है। बस यही है व्यायाम। हमारी हथेलियों में शरीर के अन्य अंगों की नसों के बिंदु होते हैं, जिन्हें एक्यूप्रेशर बिन्दु कहते हैं। ताली बजाने से इन बिंदुओं पर जोर पड़ता है और संबंधित अंगों में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे वे बेहतर काम करने लगते हैं। एक्युप्रेशर पद्धति में ताली बजाना सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। ताली बजाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। आज मानवीय जीव पास है व्यायाम का भी समय नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिरों में ताली बजाने की परंपरा शुरू की ताकि कुछ देर ही सही पर हम व्यायाम कर सकें।साथियों बात अगर हम ताली बजाने को निराशा से उबारने की थेरेपी की करें तो, यह निराशा की स्थिति से उबरने के लिए असरदार थेरेपी है। कोई व्यक्ति पाचन की समस्या से गुजर रहा हो तो उसे क्लैपिंग थेरेपी अपनानी चाहिए। हृदय और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं, अस्थमा के इलाज में यह थेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह गर्दन के दर्द से लेकर पीठ और जोड़ों के दर्द में भी आराम पहुंचाती है। बच्चे अगर इस थेरेपी को अपनाएं तो इससे उनकी काम करने की क्षमता और बौद्धिक विकास होता है। इससे दिमाग तेज होने में मदद मिलती है।साथियों बात अगर हम ताली बजाने के मौकों की करें तो, खुशी का मौका का हो, किसी की तारीफ करनी हो, कोई जीत का विषय हो या किसी को प्रोत्साहन देना हो, इसके लिए लोग ताली बजाते हैं। ताली बजाना भले ही खुशी जाहिर करने का एक तरीका हो, लेकिन यह तरीका सेहत के लिए भी बड़े काम का है। रोजाना कुछ मिनट के लिए ताली बजाने से कई तरह से स्वास्थ्य को बेहतर करने में मदद मिलती है।इसे क्लैपिंग थैरेपी भी कह सकते हैं।यह थैरेपी हजारों सालों से चलती आ रही है। भारत में भजन, कीर्तन, मंत्रोपचार और आरती के समय ताली बजाने की प्रथा है।इससे मिलने वाले शारीरिक लाभ भी कम नहीं हैं। इसका वैज्ञानिक कारण भी है, क्योंकि विज्ञान के मुताबिक मानव शरीर के हाथों में 29 दबाव केन्द्र यानी एक्युप्रेशर पॉइन्ट्स होते हैं।साथियों बात अगर हम ताली बजाने के प्रेशर प्वाइंट रूपी फायदों की करें तो, (1) ताली बजाने से दिल और फेफड़ों से जुड़ी हुई अस्थमा जैसी समस्याओं में मदद मिलती है (2)पीठ, गर्दन और जोड़ों के दर्द से आराम मिलता है।(3)ताली बजाकर गठिया रोग से भी बचा जा सकता है।(4)लो ब्लड प्रेशर के मरीज़ भी इस थेरेपी की मदद ले सकते हैं।(5)पाचनतंत्र की समस्याओं में भी क्लैपिंग थेरेपी का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होता है। इस तेल से वेट लॉस में होगा फायदा!(6)क्लैपिंग थेरेपी से बच्चों की कार्यक्षमता का विकास होता है और उन्हें पढ़ाई में भी सुधार होता है । जो बच्चे रोज़ाना ताली बजाते हैं उन्हें लिखने में भी कम परेशानी होती है और उनसे स्पेलिंग से जुड़ी ग़लतियां भी कम होती हैं। (7)ताली बजाने से बच्चों का दिमाग तेज़ होता है। (8)शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों से बचने के लिए भी क्लैपिंग करनी चाहिए।(9) रोज़ाना आधे घंटे ताली बजाने से मधुमेह, गठिया,उच्च रक्तचाप,डिप्रेशन, पुराने सिरदर्द, जुकाम, अनिद्रा, बालों का झड़ना और आंख की समस्याओं से पीड़ित लोगों को मदद मिलती है। (10)घर और ऑफिस में हमेशा एयर कंडीशन में रहने वाले लोग जिन्हें बिल्कुल पसीना नहीं निकलता उन्हें क्लैपिंग थेरेपी का अभ्यास करना चाहिए। क्योंकि यह शरीर में रक्त के प्रवाह को सुचारु बनाकर उसे पूरी तरह से शुद्ध करता है।साथियों बात अगर हम ताली बजाने के अन्य गाथाओं की करें तो, संगीत के विद्यार्थी भिन्न-भिन्न स्वरों के महत्व को समझने में सहायता के लिए और नयी रचनाओं की लय से सामंजस्य बैठाने के लिए प्राय: लिखी हुई धुन की लय को ताली द्वारा बजाते हैं। 60 सेकेण्ड में सबसे अधिक तालियां

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# शहर में पहली बार प्लास्टिक वेस्ट से बनेंगी सड़कें

कानपुर। कानपुर नगर निगम शहर में पहली बार प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग कर सड़कें बनवाएगा। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग की गठित जिला स्तरीय समिति ने 416.50 करोड़ से विकास कार्यों के प्रस्ताव स्वीकृत किए। शुक्रवार को मकड़ीखेड़ा क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के निस्तारण के लिए अर्बन फ्लड प्लान के तहत 193.7 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया।शासन से स्वीकृति मिलते ही नाले का निर्माण होगा। स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार 175 करोड़ रुपये से 66 किलोमीटर की बिटुमिन वाली सड़कें, 20 किलोमीटर फुटपाथ पर इंटरलॉकिंग और 11 किलोमीटर सीसी सड़कें बनेंगी।20 करोड़ के नाला निर्माण के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। इसी तरह तीन करोड़ से मियांवाकी पद्धति से सिटी फॉरेस्ट विकसित जाएंगे।

चौराहों को चौड़ा करने समेत अन्य कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये स्वीकृति किए गए। नगर आयुक्त सुधीर कुमार के अनुसार समिति के प्रस्तावों की स्वीकृति के बाद सभी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया अतिशीघ्र पूरी कराई जाएगी, ताकि जल्द से जल्द इन्हें धरातल पर लाया जा सके।



# भारत भी रोहिंग्याओ और अवैध घुसपैठियों के लिए हथकड़ियां जुटाए

अमेरिका की सत्ता में दोबारा वापसी करने वाले डोनाल्ड ट्रम्प ने 104 भारतीयों को अवैध प्रवासी कहकर एक सैन्य जहाज में भरकर भारत लौटा दिया है । लौटाने के तरीके पर कांग्रेस आक्रामक है जबकि उन अवैध अप्रवासी भारतीयों को अपराधियों की तरह हाथ-पांवों में हथकड़ी-बेड़ियां डालकर तथा उनकी कमर को जंजीरों से जकड़ कर लाया गया जिसपर विश्व मानवाधिकार और तमाम संगठन चुप्पी साधे रहे तो अब भारत के पास भी मौका है कि वह अपने यहां से गैर हिंदुओ को जो अवैध रूप से नकली कागज बनवाकर कई वर्षो से यही खा रहे, धरना दे रहे, पत्थरबाजी कर रहे और राशन उठा रहे उन्हे देश से खदेड़ बाहर करे। आपको बता दूं कि 17 ग्लोबमास्टर नामक सैन्य हवाई जहाज बुधवार को अमृतसर एयरपोर्ट पर 104 अवैध अप्रवासी भारतीयों को लेकर अमीरिकी विमान उतरा, उसमें से उतरने वालों के मन में गहरा दर्द साफ़ दिख रहा था, पूरा देश इसे लेकर आग बबूला है हालंकि उनका निर्वासन सही है किंतु मानवीय संवेदनाओं से परे कुछ भी नही होना चाहिए। अमेरिका ने यह घृणित कार्य किया है । इसका कूटनीतिक परिणाम कुछ भी नही किंतु राजनीतिक परिणाम बहुत गहरा होगा । प्रवासियों के निर्वसन का जो वीडियो सामने आया है वह अमेरिकी राजनीति के मजबूती का खुलासा करती



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

है। हम यहां एससी एसटी एक्ट और अवैध आरक्षण तक नहीं हटा पा रहे वो वहा से मानव और मानवीय संवेदना तक हटा दे रहे और कोई कुछ बोल नहीं पा रहा । यहां विपक्ष भाजपा को कोस रहा जबकि उसे अमेरिका के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिए। मानवीय संवेदनाओं का कत्ल करने वाले अमेरिका के करतूत से वे तमाम अवैध प्रवासी बेड़ियां पहने हुए हैं मुंह पर मास्क है और पैर बंधे हुए हैं।एक दृष्टि से ये व्यवहार उचित प्रतीत होता है क्योंकि आखिरकार वे अपराधी तो हैं ही। भारत सरकार को भी नियमानुसार भारत से अवैध तौर पर भागने पर ऐसी ही कार्रवाई करनी चाहिए पर यहां भारत में रोहिंग्या और गैर हिंदुओं के साथ ऐसा संभव नहीं होगा क्योंकि संविधान की दुहाई और राजनीति के आड़ में घर के ही भेदी लंका ढहा देंगे । यहां अफजाल मुख्तार ओवैसी जैसे कट्टर नेता और उनका साथ देने वाले अखिलेश, राहुल, केजरीवाल ममता जैसे हिन्दू नेता भी है जो अपराधी का सम्मान करते रहे है । समस्या ये है कि अभी सिर्फ 104 आए हैं जबकि पूरे देश भर में 18000 भेजें जाने की प्रतीक्षा सूची में हैं उसमें से कुछ और अभी शीघ्र भारत भेजे जाएंगे। प्यू रिसर्च सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में अमेरिका में करीब 7,25,000 भारतीय अवैध प्रवासियों के रूप में रह रहे थे, जो अमेरिका में तीसरी सबसे बड़ी 'अनधिकृत प्रवासी' आबादी का हिस्सा थे। कल्पना कीजिए कि यदि ये सब एक दो वर्षों में भारत भेज दिए जाते हैं तो इसका भारत की अर्थव्यवस्था पर कितना और कैसा असर पड़ेगा। तिब्बत, बांग्लादेश और रोहिंग्या शरणार्थियों से ये कई गुनी संख्या है ऐसे में अब रोहिंग्या और गैर हिन्दू जो अवैध है अब भारत को खाली करे या सरकार उन्हें इसी तरह डिपोर्ट कर दें । भारत के लिये यह पूरा वाकया इसलिये दुखद है क्योंकि सरकार ने अमेरिकी प्रशासन के साथ मिलकर ऐसा कोई उपाय ढूंढने की कोशिश ही नहीं की कि अवैध प्रवासी ही सही, लेकिन उनकी सम्मानजनक वापसी हो। भारत सरकार के पास पर्याप्त समय था। भारत ने इसके पहले युद्ध या अन्य परिस्थितियों में अलग-अलग देशों में फंसे भारतीयों को निकाला है। यह माना जा सकता है कि यह विशिष्ट स्थिति है, लेकिन अब कम से कम बचे लोगों की सम्मानपूर्वक वापसी कराई जायेभारत में अभी इन पर गर्मागर्म बहस चल रही है। यह सवाल चर्चा बनने वाला है। इतना तो तय है अमेरिका से वापस आए लोग देश के लिए नई मुसीबत बनेंगे । एक बात सच है देश में मोदी सरकार आने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में नागरिकता छोड़ने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।सोशल साइट्स के अनुसार साल 2021 में 1.63 लाख का यह आंकड़ा 2022 में 2.25 लाख तक पहुंच गया। गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा को बताया कि मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अपनी भारतीय नागरिकता त्यागने वाले भारतीयों की संख्या 2015 में 1,31,489; 2016 में 1,41,603; 2017 में 1,33,049; 2018 में 1,34,561; 2019 में 1,44,017; 2020 में 85,256; 2021 में 1,63,370 और 2022 में 2,25,620 रही । इसके अलावा यह आंकड़ा 2011 में 1,22,819; 2012 में 1,20,923; 2013 में 1,31,405; 2014 में 1,29,328 था। यानि भारत से बड़ी तादाद में प्रतिभा पलायन भी हुआ है जिसमें सर्वाधिक प्रवाह अमेरिका के लिए, दूसरा कनाडा और तीसरा आस्ट्रेलिया के लिए हुआ है।


## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -:

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# 15वें वित्त में नगर निगम 557 करोड़ से होंगे विकास कार्य

## 106 करोड़ वायु प्रदूषण दूर करने में होंगे खर्च




बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम मुख्यालय में महापौर की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग से मिले बजट के खर्च को लेकर बैठक की गई। बैठक में नगर आयुक्त सुधीर कुमार, केडीए वीसी मदन सिंह, डीएम जितेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। 10 करोड़ रुपये से पनकी भऊ सिंह में लगे कूड़े के पहाड़ों का निस्तारण होगा। इसके अलावा 60 करोड़ रुपए सड़कों के निर्माण में खर्च होंगे।मकड़ीखेड़ा में 230 करोड़ से अर्बन फ्लड मैनेजमेंट के तहत जलभराव की समस्या को दूर किया जाएगा। कमेटी ने इस प्रस्ताव को अभी अपनी स्वीकृति दी। योजना के तहत शासन से बजट जारी होने के बाद मकड़ीखेड़ा नई बस्ती, एनआरआई सिटी, गंगापुर, पहलवानपुरवा समेत कई क्षेत्रों में बरसात में होने वाले भीषण जलभराव से करीब 3 लाख लोगों को निजात मिलेगी। बैठक में नगर निगम सीमा अंतर्गत चयनित किए गए विकास कार्यों के साथ-साथ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर निर्णय लिए जाने पर विचार विमर्श हुआ। सबसे पहले कमेटी के सामने मकड़ीखेड़ा में 7 किलोमीटर नाला बनाने को लेकर बनाए गए प्रस्ताव को रखा गया।

विकास कार्यों में मुख्य रूप से 163 करोड़ रुपए से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से जुड़े कार्य होंगे।106 करोड़ रुपए से वायु प्रदूषण को दूर किया जाएगा।

230 करोड़ रुपए से मकड़ीखेड़ा में पाइप लाइन बिछाई जाएगी। 45 करोड़ रुपए सीवर और पेयजल के लिए जलकल को दिए जाएंगे। 40 करोड़ रुपए पेयजल लाइन में गैपिंग दूर करने के लिए जल निगम को दिए गए।

15.50 करोड़ रुपए कूड़ा निस्तारण में खर्च किए जाएंगे। 5 करोड़ रुपए गंगा में बायोरेमिडिएशन पर खर्च होंगे। 27 करोड़ रुपए पार्क, ग्रीनबेल्ट और हरियाली डेवलप की जाएगी। 60 करोड़ रुपए से सड़कों का निर्माण कराया जाएगा।

# सीएम ग्रिड योजना मार्ग चौड़ीकरण की नापजोख टीम का व्यापारियों ने किया विरोध

**-घंटाघर से ग्रीनपार्क तक बनना है मार्ग, 100 से अधिक तोड़ी जाएंगी दुकानें**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। घंटाघर से ग्रीनपार्क तक सीएम ग्रिड योजना से बनने वाली सड़क में आने वाले मकानों व दुकानों की जांच करने के लिए बुधवार को नगर निगम की टीम नापजोख करने पहुंची। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम को घंटाघर स्थित दुकानों से मोती भवन बिल्डिंग के सामने विजया बैंक चौराहा तक सड़क चौड़ाई कम मिली। नगर निगम की टीम ने 100 से अधिक दुकानों व 200 परिवारों की रिहायशी बिल्डिंग मोती भवन का कुछ हिस्सा तोड़ने की बात कही, जिसका व्यापारियों ने विरोध किया।

सीएम ग्रिड योजना के तहत घंटाघर से ग्रीनपार्क तक सड़क चौड़ीकरण के लिए नगर निगम के अधिशासी अभियंता दिवाकर भास्कर, नानक चंद समेत अन्य अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और सड़क चौड़ीकरण की भौतिक स्थितियों की जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने घंटाघर चौराहे पर स्थित दुकानों, एक होटल का कुछ हिस्सा व मोती भवन बिल्डिंग का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त करने को कहा, जिसका भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के व्यापारियों ने विरोध किया।नगर निगम अधिकारियो ने नक्शा दिखाते हुए बताया कि सड़क के दोनों तरफ 12-12 मीटर जगह लेनी हैं और 9 -9 मीटर में सड़क व बाकी मे फुटपाथ व डिवाइडर बनेगा। प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि सड़क की चौडाई कम होने से 12 मीटर की बजाए 9 मीटर सड़क बनाकर फुटपाथ न बनाने की मांग की। कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्र व भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का नुकसान न हो इस बात का ध्यान रखा जाए। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, चंद्राकर दीक्षित, अब्दुल वहीद, अनुराग जायसवाल, सचिन त्रिवेदी, पवन गुप्ता, सुनील राठौर, सुरेंद्र जायसवाल मौजूद रहे।

# सीएम से शिकायत के बाद डीएम ने तीन अधिकारियों की समिति बनाई

## मरीजों से धन उगाही का मामला, अस्पताल के खिलाफ बैठी जांच




बीपीएस न्यूज

कानपुर। विधायक अभिजीत सिंह सांगा बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले और सर्वोदयनगर स्थित रीजेंसी अस्पताल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। मुख्यमंत्री से बताया कि अस्पताल में मरीजों के साथ लूट घसोट, धांधली होती है। मामले में मुख्यमंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस संबंध में शासन से एक पत्र मंडलायुक्त विजयेंद्र पांडियन को भेजा गया। जिसमें विधायक के लगाए आरोप की जांच प्रशासनिक टीम से कराने व जांच रिपोर्ट मांगी गई।रीजेंसी अस्पताल पर बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के लगाए आरोपों की जांच तीन सदस्यीय प्रशासनिक टीम करेगी।

इस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। एडीएम सिटी ने बताया कि रीजेंसी अस्पताल को जांच के संबंध में पत्र भेजा गया है। कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री से विधायक ने कहा कि रीजेंसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल है। जहां प्रदेश भर से मरीज आते हैं। लेकिन अस्पताल में मरीजों का आर्थिक शोषण होता है। कई सरकारी योजनाओं में भी अनियमितता है। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन की जांच में अनियमितता सामने आने पर रीजेंसी को सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के पैनल से बाहर कर दिया गया। जांचों के नाम पर भी मरीजों से धन उगाही होती है। इसलिए मरीजों का आर्थिक शोषण व अनियमितता की जांच कराई जाए। तीन सदस्यीय टीम में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में सीएमओ व एसीएम-6 आरोपों की जांच करेगी।

# परमात्मा को पाने के लिए आयु नहीं लगन महत्वपूर्ण : दीपक कृष्ण महाराज



बीपीएस न्यूज

कानपुर। श्री शनि सांई धाम मंदिर गणेश पार्क गांधी नगर पी रोड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा और श्री पीताम्बर महायज्ञ का तृतीय दिवस सम्पन्न हुआ।प्रातः काल की बेला में यज्ञाचार्य पंडित कृपा शंकर जय शुक्ल एवं अन्य विद्वान गणों के द्वारा श्री पीताम्बरा महायज्ञ सम्पन्न कराया गयामध्यान्ह काल में प्रारंभ हुई श्री मद्भागवत कथा में वृन्दावन धाम से पधारे पंडित दीपक कृष्ण महाराज ने बताया कि धुर्व महाराज ने अपनी पांच महीने की साधना में परमात्मा का दर्शन प्राप्त कर लिया परमात्मा को प्राप्त करने के लिए आपकी आयु नहीं आपकी लगन महत्वपूर्ण है भरत महाराज की कथा से हमें जीवन में यह शिक्षा मिलती है कि जिस राजा ने अपने राज्य और परिवार से नाता तोड कर जंगल चले गए और वहां हिरन के बच्चे के चक्कर में पड़ गएसाधक को जीवन में बहुत सावधान रहना चाहिए प्रहलाद ने भगवान को खम्भे से प्रकट कर दिया जिससे हमें यह सीख मिलती है कि भगवान को प्रकट करने के लिए हमारा भरोसा जितना मजबूत होगा उतना ही शीघ्र भगवान हमें दर्शन देंगे भगवान ने राजा बलि के ऊपर कृपा करने के लिए वामन का रूप धारण कर लिया और तीन पग भूमि के माध्यम से उसके तन मन और धन तीनो का हरण कर लिया इस अवसर पर वामन भगवान की मनोहारी झांकी का दर्शन भी कराया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र नाथ शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।

### सात फरवरी से 10 मिनट पहले छूटेगी शताब्दी एक्सप्रेस

कानपुर। नई दिल्ली से कानपुर के लिए चलने वाली शताब्दी एक्सप्रेस सात फरवरी से स्टेशन से 10 मिनट पहले रवाना होगी। वहीं, दिल्ली से आने वाली इस गाड़ी को प्रायोगिक तौर पर अलीगढ़ स्टेशन पर ठहराव दिया गया है।

रेलवे अफसरों के मुताबिक गाड़ी नंबर 12034 शताब्दी एक्सप्रेस अब नई दिल्ली से शाम चार बजे के बजाय 10 मिनट पहले यानी दोपहर 3:50 बजे चलेगी। सात फरवरी से यह गाजियाबाद स्टेशन 4:22 बजे तो अलीगढ़ स्टेशन पर 5:18 बजे आएगी। दो मिनट ठहराव के बाद कानपुर के लिए रवाना होगी। कानपुर और इटावा स्टेशनों पर इसके आने और चलने के समय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

बता दें कि कानपुर से चलने वाली 12033 कानपुर शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली जाने में अलीगढ़ स्टेशन पर दो मिनट रुकती थी, जबकि वापसी में यह ट्रेन गुजरती तो थी पर ठहराव नहीं था पर अब शुक्रवार से इसका लौटते समय भी ठहराव हो जाएगा।

# घंटाघर का स्वरूप कतई न बदला जाए



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सी एम ग्रिड की घण्टाघर से ग्रीन पार्क वाली सड़क में मकानों व दुकानों की सीमा की जाँच करने नगर निगम की आई टीम ने नाप जोख की घंटाघर सहित एक होटल व मोती भवन बिल्डिंग के सामने विजया बैंक चौराहा तक सड़क की चौडाई थोड़ा कम होने से 12 मीटर की बजाय 9 मीटर सड़क बनाकर इस हिस्से मे फुटपाथ न बनाने की मांग की गई अधिकारियो ने बैठकर इस मामले को सुलझाने का आश्वासन दिया। सी एम ग्रिड की घण्टाघर से ग्रीन पार्क वाली सड़क में मकानों व दुकानों की सीमा की जाँच करने नगर निगम के अधिशाषी अभियंता दिवाकर, भास्कर व नानक चंद की टीम ने नाप जोख की और बताया कि यहाँ पर घंटाघर की दुकानों सहित एक होटल व मोती भवन बिल्डिंग के सामने विजया बैंक चौराहा तक सड़क की चौडाई थोड़ा कम आई और विजया बैंक चौराहे के आगे सड़क की चौडाई पूरी मिल रही हैं। नगर निगम के अधिकारियो ने नक्शा दिखाकर बताया कि सडक के दोनों तरफ 12 -12 मीटर जगह लेनी हैं और 9 -9 मीटर मे सड़क व बाकी मे फुटपाथ व डिवाइडर बनेगा।मौके पर मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने नगर निगम के अधिकारियो से घंटाघर से विजया बैंक चौराहा तक जगह कम होने से सड़क की एक तरफ 12 मीटर की बजाय 9 मीटर सड़क बनाकर इस हिस्से मे फुटपाथ न बनाने की मांग करते हुए कहां कि घंटाघर का स्वरूप कतई न बदला जाय और वर्षों पुरानी मोती भवन बिल्डिंग व होटल की रजिस्ट्री हैं और नक्शे के हिसाब से सही बनी हैं इसमे छेड़छाड़ न किया जाय। साथ मे यह भी कहा कि ग्रीन पार्क से ही इस सडक के कार्य की शुरुआत की जाय जिससे बाजार का हिस्सा बनने का नम्बर बाद मे आये। नगर निगम के अधिकारियो ने कहा कि घंटाघर सहित विजया बैंक तक आने वाली अन्य बिल्डिंग के मामले मे बैठकर कोई रास्ता निकाला जायेगा।यहाँ पर मौजूद कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष मिश्र व भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का नुकसान न हो इस बात का ध्यान रखा जाय।मौके पर मौजूद भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह,संघठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल वहीद, अनुराग जायसवाल, सचिन त्रिवेदी,पवन गुप्ता, सुनील राठौर, सुरेन्द्र जायसवाल, अनुपम गुप्ता और कानपुर लोहा व्यापार समिति अध्यक्ष अतुल द्विवेदी, अमित गुप्ता किराना बाजार कलक्टर गंज नवीन शर्मा व असद इमरान आदि थे।

# दरोगा ने अधिवक्ता पर ठोका मुकदमा, कहा- जेल जाने का भय दिखाकर मांगे 50 हजार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दरोगा ने भी अधिवक्ता पर जेल जाने का भय दिखाकर 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दो दिन पहले अधिवक्ता ने दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मियों पर अभद्रता व जाति सूचक गालियां देने का गंभीर आरोप लगाते हुए न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

कर्नलगंज थाने में तैनात दरोगा नरेश कुमार चुन्नीगंज बस अड्डे में चौकी इंचार्ज रहे हैं। वह वर्तमान में डीसीपी सेंट्रल कार्यालय में तैनात है। नरेश कुमार ने बताया 22 जून 2024 को चौकी में तैनाती के दौरान सिपाही अनुज कुमार के साथ शनिदेव मंदिर चौराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उस दौरान बेनाझावर निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। उनकी बाइक की नंबर प्लेट भी टूटी थी। जिस पर उन्होंने चालान एप के जरिए से नियम अनुसार चालान कर दिया था। 23 जून 2024 को अधिवक्ता वीरेंद्र चौकी पहुंचे। जहां उन्होंने खुद को अधिवक्ता बताकर धमकी देते हुए कहा कि तुमने मेरी बाइक का छह हजार रुपये का चालान कर दिया। मेरा चालान रद्द करो या फिर जितने का चालान किया है उसका 100 गुना रुपये दो। रुपये न देने पर जेल जाने के लिए तैयार रहो। इसके बाद वीरेंद्र ने तथ्यों को छिपाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल करा कर दरोगा समेत पांच पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज करा दी। दरोगा नरेश के अनुसार वीरेंद्र दोबारा उसके पास पहुंचे और कहा कि छह लाख दो तो मुकदमा वापस कर दूंगा। इस पर उन्होंने वीरेंद्र को 50 हजार रुपये बृजेन्द्र स्वरूप पार्क बुलाकर दिए। उस दौरान वीरेंद्र कुमार ने कहा कि बाकी के 5.50 लाख रुपये जल्दी दे दो तो मुकदमा वापस कर दूं। इस पर उन्होंने मना कर दिया। इसके बाद अधिवक्ता ने उन्हें बर्खास्त कर मुकदमा दर्ज करा जेल भिजवाने की धमकी दी।

# मदरसा सलामिया मुशताकुल उलूम में इजलास दस्तारबंदी का प्रोग्राम हुआ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मदरसा सलामिया मुशताकुल उलूम घड़ी वाली मस्जिद चमनगंज में इजलास दस्तारबंदी का कार्यक्रम हुआ। मदरसे में तालीम हासिल करके कलाम-ए-पाक पूरा करने वाले बच्चों की दस्तारबंदी हुई।जलसे का आगाज हाफ़िज़ मोहम्मद शोएब ने कलामे पाक की तिलावत से किया तथा मुफ्ती मोहम्मद युनुस रज़ा क़ाज़ी ए शहर कानपुर ने जलसे की सदारत फरमाई। निजामत हाफ़िज़ व कारी कय्यूम उवैसी ने की।हुज़ूर की शान में नात-मनकबत पेश की उलेमाओं ने नमाज़ की पाबंदी व मोबाईल के सही इस्तेमाल पर जोर दिया और रात को न जागने, अल्लाह का ज़िक्र करने की नसीहत करते हुए सभी से दीन के रास्ते पर चलने की अपील की।

जलसे की सरपरस्ती मदरसे के मोहतमिम व हाफ़िज़ माज़ उवैशी सलामी ने की। मोहम्मद अमान, मोहम्मद अमान, मोहम्मद शाहनूर, मोहम्मद ताबिश, मोहम्मद इरशाद मोहम्मद अबू हमजा की दस्ताबंदी हुई।दस्तारबंदी मे फहीम मुमताज, मोहम्मद अनवर, मोहम्मद शादाब, अफजल कुरेशी, मोहम्मद नगामी, शाहनवाज अंसारी,आदि लोग रहे।

# सीएसजेएमयू में प्रोफेसर की बैठे-बैठे मौत, अचानक थम गई सांसें

**- एमपी से नेशनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने आए थे**

कानपुर,। यूनिवर्सिटी में एमपी अमरकंटक के नेशनल ट्रायबल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बैठे-बैठे गिर गए। उनकी हालत बिगड़ते देख एम्बुलेंस से साथी प्रोफेसर और स्टाफ कार्डियोलॉजी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके परिवार के लोगों को हादसे की जानकारी दी गई है।

कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र के दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे प्रोफेसर मिश्र की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें पसीना आने के बाद गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। सीएसजेएमयू के डॉक्टरों की टीम ने उन्हें तुरंत सीपीआर दिया। तत्काल उन्हें एम्बुलेंस से कार्डियोलाजी सुपर स्पेशियलिटी सेंटर भेजा गया।डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल यूनिवर्सिटी में गणित विषय के एसोसिएट प्रोफेसर थे। उन्होंने 2007 में आईआईटी रुढ़की से गणित में पीएचडी की थी।

एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्रोफेसर डॉ. विष्णु नारायण मिश्रा मंगलवार को नवाचारी एआई समाधान विषय पर चल रहे दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने आए थे।उन्होंने बताया कि प्रोफेसर विष्णु के परिवारीजनों को फोन पर उनके निधन की जानकारी दी गई है। शव का पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# सीएसजेएमयू के स्थापना दिवस पर प्रतिभा और रोजगार का संगम

कानपुर। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के स्थापना सप्ताह पर विभिन्न आयोजन हुए। महाकुंभ और महाकुंभ में साधुओं की क्षवियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा प्लेसमेंट वीक की शुरुआत हुई। यह वीक 15 फरवरी तक चलेगा। रंगोली प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिताओं में प्रीती व सोनम ने पहला स्थान हासिल किया।प्रतियोगिता में बीएड और एमएड के प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान ग्रुप 5 जिसमे सोनम गुप्ता, प्रीति तिवारी, शिवांगी त्रिपाठी तथा विनीत शर्मा को मिला। द्वितीय स्थान ग्रुप 2 के चंचल पाल, मणि द्विवेदी, स्नेहा यादव को हासिल हुआ। निर्णायक डॉ तनीषा वधमान थे। प्रिया तिवारी डॉ कुलदीप चौहान, डॉ बद्री नारायण मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे। सीएसजेएमयू में शनिवार से 15 फरवरी तक प्लेसमेंट वीक का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट वीक की शुरुआत विवि के कुलपति प्रो विनय पाठक ने की। इस दौरान विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर संदेश गुप्ता, सदस्य प्रशांत त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में घायल व्यक्ति की मदद के महत्व पर दिया जोर



बीपीएस न्यूज

कानपुर।कमिश्नरेट कानपुर नगर के यातायात पुलिस लाइन में मेदांता हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में टीम ने घायल व्यक्ति की मदद के महत्व पर जोर दिया। डॉ. मोहम्मद तौफीक और उनकी टीम ने लुक लिसेन एंड फिल पद्धति के बारे में बताया, जिससे एक्सीडेंट या आपदा में घायल को गोल्डन ऑवर में मदद प्राप्त हो सके। शिविर में रक्तस्राव रोकने के उपायों पर भी चर्चा की गई। लगभग 250 लोगों ने वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप, आँखों की जांच और ईसीजी जैसे परीक्षणों में भाग लिया, जिसमें टीआई, टीएसआई, मुश आरक्षी/आरक्षी, आदि सम्मिलित थे ने उक्त शिविर में प्रतिभाग किया ।

# नगर निगम स्कूल का लेखाकार निलंबित, नगर आयुक्त ने की कार्रवाई

कानपुर। कानपुर नगर निगम के आचार्य नरेंद्र देव महिला महाविद्यालय में पदस्थ लेखाकार अंशु कुमार अग्रवाल के द्वारा अनैतिक कृत्यों का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए प्राचार्य, आचार्य नरेंद्र देव महिला महाविद्यालय से विधिवत रिपोर्ट/आख्या प्राप्त की गई है, प्राप्त कराई गई आख्या में व वीडियो में दर्शाए गए तथ्यों के आधार पर नगर निगम के नगर आयुक्त श्री सुधीर कुमार द्वारा इस प्रकरण को अत्यंत गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेकर तात्कालिक प्रभाव से श्री अंशु अग्रवाल लेखाकार को निलंबित कर दिया गया है।

# एलीवेटेड कॉरीडोर की डीपीआर गठन हेतु हुई बैठक



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। आयुक्त , कानपुर मंडल के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में उद्योग निदेशालय, गोल चौराहा में गोल चौराहा से रामादेवी चौराहा तक लगभग 11 कि0मी0 हेतु एलीवेटेड कॉरीडोर की डी0पी0आर0 गठन हेतु बैठक हुई । बैठक में मार्ग के महत्व को देखते हुये इस बहुउद्देशीय परियोजना के संरेखण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने बताया कि उक्त मार्ग के बन जाने से नवनिर्मित चकेरी एयरपोर्ट एवं प्रयागराज की तरफ जाने वाले यातायात सुगम हो जायेगा। उक्त हेतु आयुक्त द्वारा मार्ग टाटमिल, रामादेवी इत्यादि चौराहो पर आम जनमानस की असुविधा के दृष्टिगत दिनांक 23. फरवरी, 2025 तक डी0पी0आर0 प्रेषण हेतु कन्सलटेन्ट मेसर्स हेक्सा प्राइवेट ज्वाइंट स्टॉक कंपनी, नई दिल्ली संयुक्त साथ में मेसर्स टेक्नोक्रेट्स एडवाइजरी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त ने यह भी बताया कि घंटाघर से भी इसकी कनेक्टिविटी दी जायेगी जिससे नयागंज, कलेक्टरगंज, परेड, लाटूश रोड, मेस्टन रोड इत्यादि क्षेत्रों से भी चकेरी एयरपोर्ट जाने का सम्पर्क दीर्घगामी हो जायेगा। बैठक में नीरज श्रीवास्तव, समन्वयक उच्च स्तरीय जिला विकास समिति एवं ए0के0 जयन्त अधिशाषी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर, परियोजना प्रबन्धक, सेतु निगम एवं सम्बन्धित विभागों के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहें।

# हटाये गये संविदा कर्मियों को तत्काल बहाल किये जाने की मांग




**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर आज बिजली कर्मियों ने केस्को कानपुर मे भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाने का आरोप लगाते हुए मांग की है कि हटाये गये समस्त संविदा कर्मियों को तत्काल नौकरी में वापस लिया जाये और हटाये जाने का आदेश निरस्त किया जाये। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पहले संविदा कर्मियों को हटाकर भय का वातावरण बनाया जा रहा है जो ऊर्जा निगमों की स्वस्थ्य कार्य प्रणाली पर विपरती प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि निजीकरण के बाद दिल्ली में एक साल के अन्दर-अन्दर लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों को वीआरएस लेने के लिए मजबूर कर दिया गया था। इसी प्रकार 01 फरवरी को चंडीगढ़ विद्युत विभाग का निजीकरण करने के पहले 200 से अधिक बिजली कर्मियों को वीआरएस लेने के लिए बाध्य किया गया। यह संख्या कुल बिजली कर्मियों की संख्या का लगभग आधा है। संघर्ष समिति ने कहा कि उप्र में भी इसी तर्ज पर निजीकरण के पहले संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित कर्मचारियों को भलीभांति पता है कि निजीकरण के पहले बड़े पैमाने पर नियमित कर्मचारियों को भी हटाया जायेगा अथवा उन्हें वीआरएस लेने के लिए मजबूर किया जायेगा।

संघर्ष समिति ने कहा कि अकेले पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों और 26 हजार नियमित कर्मचारियों पर छंटनी की तलवार लटकी हुई है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी किसी भी कीमत पर निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे। निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार है। विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम 07 फरवरी को भी जारी रहेगा सभा मे भगवान् मिश्रा, आरिफ बेग, कपिल मुनि प्रकाश, गौरव दीक्षित, विष्णु अवतार पांडेय, राम शंकर मिश्रा, हशमत उल्ला खान, शंभू सिंह, शिव शंकर, सिद्धार्थ, पवन, के. के. अवस्थी, अहमद, ओम प्रकाश आदि सम्मिलित हुए।

## पांच कृषि वैज्ञानिक विभिन्न अवार्ड के लिए उपास सोसाइटी द्वारा संस्तुति

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सीएसए को उत्तर प्रदेश कृषि अकादमिक सोसाइटी द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ट कृषि विश्वविद्यालय अवार्ड देने हेतु अनुमोदन किया गया है।गत 4 फरवरी 2025 को सोसाइटी की लखनऊ में हुई सामान्य बैठक में सीएसए को प्रदेश में उत्कृष्ट कृषि विश्वविद्यालय अवार्ड तथा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह को ऑनरेरी फेलो 2024 हेतु समिति द्वारा संस्तुति किया गया है। जबकि विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डॉ पीके सिंह को फसल विज्ञान तथा डॉक्टर आरके यादव निदेशक प्रसार एवं अध्यक्ष अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग को फसल सुधार में श्रेष्ठ कृषि वैज्ञानिक पुरस्कार, डॉ वी के त्रिपाठी अध्यक्ष उद्यान विज्ञान को हॉर्टिकल्चर साइंसेज जबकि अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉक्टर श्वेता को बेस्ट टीचर अवार्ड हेतु समिति द्वारा अनुमोदित किया गया है। यह बैठक उपास समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि हम सभी के लिए यह गर्व का विषय है।

# संकल्प पक्का है तो सफलता निश्चित:पं. दीपक कृष्ण

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। ।श्री शनि सांई धाम मंदिर गणेश पार्क गांधी नगर पी रोड में चल रही श्रीमद्भागवत कथा और श्री पीताम्बर महायज्ञ का चतुर्थ दिवस सम्पन्न हुआ। प्रात: काल की बेला में यज्ञाचार्य पंडित कृपा शंकर शुक्ल एवं अन्य विद्वान गणों के द्वारा श्री पीताम्बरा महायज्ञ सम्पन्न कराया गया मध्यान्ह काल में प्रारंभ हुई श्री मद्भागवत कथा में वृन्दावन धाम से पधारे पंडित दीपक कृष्ण महाराज ने बताया कि मत्स्य अवतार की कथा हमें यह सिखाती है कि अगर आप कोई छोटा सा भी अच्छा कार्य करते हैं वो किसी न किसी रूप में आपको वापस अवश्य मिलता है जीवन में अगर संकल्प पक्का है तो सफलता एक दिन अवश्य मिलती है यह बात हमें गंगा अवतरण से सिद्ध होती है भगवान ने समाज को मर्यादा का पाठ पढ़ाने के लिए राम के रूप में अवतार लिया और हमें जीवन जीने की कला सिखाई भगवान कृष्ण का अवतार मथुरा में कंस के कारागार में हुआ और जन्मोत्सव गोकुल में बाबा नन्द के यहां मनाया गया इस अवसर पर बाल कृष्ण भगवान की झांकी का दर्शन करके भक्त आनन्द में मगन होकर नृत्य करते नजर आए।

इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक महेन्द्र नाथ शुक्ल, पं गंगा शरण दीक्षित, पंडित विनोद अग्निहोत्री,राज कुमार गुप्ता, आलोक अग्रवाल, संतोष दीक्षित, प राहुल, स्वाति अग्रवाल, रश्मि शुक्ला ,सरिता गुप्ता, राजेंद्र शुक्ला, अनिल गुप्ता, पं संतोष (पाधा ) आदि लोग उपस्थित रहे।

# बरात घर के निर्माण की गुणवत्ता पर डीएम ने लगाई फटकार

### एमडी वक्फ विकास निगम से कर्मचारियों से वसूली कर अनियमितताएं दूर कराने का अनुरोध

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को अल्पसंख्यक विभाग द्वारा पीएमजेवीके के अन्तर्गत निर्माणाधीन सार्वजनिक बरात घर सद्भाव मण्डप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि 02 करोड़ 25 लाख की उक्त परियोजना जनवरी 2020 में प्रारम्भ हुयी थी, जो अब तक पूर्ण नही हो पायी हैं। परियोजना के विलम्ब होने का कोई ठोस कारण नहीं मिला। यह भी उल्लेखनीय हैं कि अगस्त 2023 में ही पूरा पैसा विभाग को मिल चुका था। निरीक्षण के दौरान मण्डप के निर्माण की गुणवत्ता कम पायी गयी, पत्थर की जो टाइलिंग की गयी है उसका लेवल बराबर नहीं हैं। भवन में किया गया प्लास्टर अभी से निकल रहा हैं, बाहर की दीवारों पर नमी हैं, स्टील के फ्रेम में जंग लग चुकी हैं, पल्ले नहीं लगाये गये हैं व एंटी प्राइमर भी नहीं लगाया गया है। जिलाधिकारी ने इस पर वक्फ विकास निगम लि के अधिषाशी अभियन्ता रिजवान खान पर नाराजगी व्यक्त करते हुये, एमडी वक्फ विकास निगम लि अंकित कुमार अग्रवाल से रिजवान खान व अन्य सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने व घटिया निर्माण कार्य की रिकवरी हेतु अनुरोध किया हैं।गौरतलब है कि विगत 3 फरवरी को नवीन सभागार में संपन्न निर्माण कार्यो की बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सद्भाव मण्डप के निर्माण कार्य में देरी व लापरवाही के लिये वक्फ विकास निगम लि के जेई सुनील कुमार का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये थे फिर भी आज जब जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर उक्त का निरीक्षण किया तब भी मण्डप के हालत दुरूस्त नहीं पायी गयी, जिस पर आज भी जिलाधिकारी ने अत्यन्त नाराजगी व्यक्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये। इसके उपरान्त जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय, वाजिदपुर (कम्पोजिट) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री सिंह ने बच्चों से उनके नाम, विद्यालय में मिल रहे भोजन व ब्लैक बोर्ड पर घटाने के सवाल पूछे। उन्होंने यह भी पूछा कि अध्यापक समय से स्कूल आते हैं या नहीं, अध्यापक कैसा पढाते हैं व उन्हें किसी प्रकार की समस्या तो नहीं हैं। इस पर बच्चों ने जिलाधिकारी को बताया कि विद्यालय में शुद्ध पीने के पानी की समस्या हैं।

# दोबारा अतिक्रमण हुआ तो जोनल अधिकारी होंगे जिम्मेदार : महापौर

**बीपीएस न्यूज**



कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय का अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातारी जारी है।गुरूवार को महापौर ने फजलगंज में नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते के साथ नवजीवन पार्क फजलगंज से लेकर चार खंभा कुंआ रोड तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया।इस दौरान नालों के ऊपर हुए करीब दो दर्जन से ज्यादा अतिक्रमण को महापौर ने बुलडोजर के जरिए ध्वस्त करा दिया और अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त करा दिया।

दरअसल, पिछले एक महीने से महापौर वार्ड कार्यक्रम के तहत वार्ड के लोगों की समस्याओं पर निदान हेतु वार्डों में अभियान चलाकर अतिक्रमण और अन्य समस्याओं पर विभागीय डंडा चलाकर समाधान कर रही है।इसी क्रम में वार्ड 20 नवजीवन पार्क में महापौर आपके वार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया। महापौर के समाधान शिविर में पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाई।जिस पर महापौर ने जोनल प्रभारी जोन 5 विनय प्रताप सिंह को बुलडोजर मंगवाने का निर्देश दिया। कुछ ही देर में पांच बुलडोजर और कई डंपर गाड़ियां नवजीवन पार्क पहुंच गई। महापौर ने अतिक्रमण हटाने की शुरूआत नवजीवन पार्क से की। यहां पर पार्क के अंदर एक महिला ने दो मंजिला अवैध अतिक्रमण करा लिया था। जिस पर महापौर ने उसको बुलडोजर से जमींदोज करवा दिया। नवजीवन पार्क के आसपास कई दुकानदारों ने नालों के ऊपर अतिक्रमण करके पक्का निर्माण करा लिया था, जिस पर महापौर ने सभी अवैध कब्जों को ध्वस्त करते हुए वहां पर रखे सामान को भी जब्त करा लिया। भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में चला रहा ये अभियान नवजीवन पार्क से लेकर चार खंभा रोड तक चला। जिसमें नालों के ऊपर हुए सभी अतिक्रमण को ध्वस्त करा दिया गया। महापौर ने चेतावनी जारी की जिस जिस जगह पर वो अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रही हैं अगर वहां पर दोबारा अतिक्रमण हुआ तो जोनल अधिकारी जिम्मेदार माने जाएंगे..महापौर ने कहा कि उनक ये अभियान लगातार जारी रहेगा।जिससे मॉनसून के महीने के पहले तक शहर के सभी नालों की सफाई हो सके ?। महापौर आपके वार्ड कार्यक्रम में साफ सफाई गृहकर व अतिक्रमण मिलाकर कुल 19 समस्याएं आईं जिनमें से 6 का मौके पर ही निस्तारण करवा दिया। महापौर आपके वार्ड का अगला कार्यक्रम सोमवार को आवास विकास हंसपुरम में आयोजित किया जाएगा।

**युवक की पीट-पीटकर नृशंस हत्या, जांच में जुटी पुलिस**

कानपुर।सचेंडी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह युवक का शव अपने कमरे के बाहर चबूतरे पर पड़ा मिला है। घटना से इलाकाई लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है।युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# धरा गया अभियुक्त

कानपुर।पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमिश्नरेट कानपुर नगर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कमिश्नरेट कानपुर नगर व सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल नेतृत्व व मार्ग दर्शन में प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर द्वारा गठित टीम ने दौराने चैकिंग अभियुक्त फिरोज पुत्र मोहम्मद इकरार नि0 साहब नगर कल्यानपुर मय एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के बारासिरोही नहर पुल के पास 06 फरवरी 2025 को गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना कल्यानपुर पर मु0अ0सं0 55/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।विधिक कार्यवाही की जा रही हैनाम पता - अभियुक्त फिरोज पुत्र मोहम्मद इकरार निवासी सहाब नगर कल्याणपुर आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 55/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कल्यानपुर नगर मु0अ0सं0 319/2023 धारा 323/341/392/ 411/506 भादवि थाना चौबेपुर मु0अ0सं0 423/2023 धारा 411 भादवि थाना बिठूर कमिश्नरेट कानपुर नगर बरामदगी एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर किया गया !गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 अमित कुमार सहाय चौकी प्रभारी आईआईटी थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट उनि सत्यम चौहान चौकी प्रभारी आ0वि0 3 थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट उ0नि0 शुभम पाण्डेय थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट हे0का0 745 विमलेश कुमार थाना कल्यानपुर कमिश्नरेट उपस्थित रहे !

## मस्जिद के पास लगी आग 4 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, कोई हताहत नहीं

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। चमनगंज इलाके में गुरुवार दोपहर घड़ी वाली मस्जिद के पास मोहम्मद अली पार्क के सामने एक घर में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना दोपहर 2 बजे मिनी कंट्रोल रूम को मिली। सूचना मिलते ही फायर विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर 4 दमकल गाड़ियां भेजीं।चीफ फायर ऑफिसर दीपक शर्मा के नेतृत्व में फायर टीम ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि चमनगंज में गलियां बेहद सकरी होने के कारण काफी संवेदनशील है इसलिए वह खुद मौके पर पहुंचे। कर्नलगंज से 1 फायरब्रिगेड, फजलगंज से 1, मीरपुर से 1 और लाटूश रोड से 1 फायरब्रिगेड मौके पर पहुंची। फायर कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचते ही आग बुझाने का काम शुरू कर दिया और कुछ ही देर में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# ओपीडी में स्थापित हुई डी.आर.एस मशीन

### इमरजेंसी और एक्स-रे विभाग के चक्कर लगाने से मरीज को मिलेगा छुटकारा
### डाक्टर्स अपने मोबाइल फोन पर सीधे देख सकेंगे एक्स-रे रिपोर्ट

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जीएसवीएम मेडिलक कालेज से सम्बंद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय (हैलट) में अब मरीजो को एक्स-रे कराने के लिए इमरजेंसी और एक्स-रे विभाग की दौड नही पडेगी।हैलट अस्पताल के ओपीडी में अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन को स्थापित किया है जिससे अब मरीज का वही पर एक्स-रे हो सकेगा।इस बारे में अधिक जानकारी अस्पताल के प्रमुख अधिक्षक डॉ आर.के. सिंह ने दी।

प्रमुख अधीक्षक डॉ आर.के सिंह ने बताया कि एक रोड की लागत से यह मशीन मंगायी गई जिसको (डी.आर.एस) डिजीटल रेडिग्राफी सिस्टम कहते है।

उन्होंने बताया कि इस मशीन की सबसे बडी खासियत यह है कि यह इस मशीन पर मरीज के लिटाये जाने के बाद मशीन पूरे शरीर के हिस्से को स्कैन कर लेगी और अपने आप ही एक्स-रे कर देगी। अभी तक मरीजो को इमरजेंसी और एक्स-रे विभाग जाना पडता था जिससे मरीज को काफी दिक्कते होती थी और उसे कई घंटो के साथ कई दिनो तक अपनी बारी का इंतजार करना पडता था, लेकिन अब मरीज का एक्स-रे वही पर ही हो जायेगा। इसके साथ ही यह डॉक्टर्स इसके एप के माध्यम से मरीज का एक्स-रे रिपोर्ट अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। इस एडवांस मशीन के एक्स-रे करने का चार्ज शासन द्वारा सामान्य रखा गया है।

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को दान में मिली ब्लड डोनेशन वैन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। अब रक्त दान करने वालो के लिए बड़ी राहत की खबर है कि जल्द ही ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में ब्लड डोनेशन वैन आने वाली हैं। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ संजय काला के द्वारा 11 फरवरी , 2025 को किया जाएगा। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की नोडल अधिकारी डॉ लुबना खान ने बताया कि प्राचार्य डॉ संजय काला के अथक प्रयास से इंटास फाउंडेशन के द्वारा ब्लड डोनेशन वैन दान की जाएगी। उन्हों ने बताया की इस वैन में एक साथ तीन लोगों के रक्तदान करने की सुविधा है। वैन पूरी तरह से एयर कंडीशन है तथा इसमें रक्त को ट्रांसपोर्ट करने की भी सुविधा है। वैन मुंबई से कानपुर के लिए रवाना हो चुकी है और शुक्रवार तक कानपुर पहुँचने की संभावना है। वैन का उतघाटन प्राचार्य डॉ संजय काला द्वारा मंगलवार 11 फरवरी को प्रस्तावित हुआ है।

# जिलाधिकारी ने जाजमऊ स्थित 20 एमएलडी सीईटीपी का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा जाजमऊ स्थित 20 एमएलडी सीईटीपी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीईटीपी की इकाईयां यथा पीएसटी, एसएचटी फ्लैश मिक्सर, एफएसटी, एरिएशन टैंक, प्लेट फिल्टर, तथा स्लज थिकनर संचालित पाई गई, जबकि मल्टीपल साल्ट रिकवरी एवं इवैपोरेटर सिस्टम, एवं अल्ट्राफिल्ट्रेशन इकाई में कमीशनिंग का कार्य किया जाना शेष है। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा निम्न बिन्दु ?ओं पर निर्देश दियेगए नमामि गंगे परियोजना के अन्तर्गत टैनरियों से जनित उत्प्रवाह के शोधन हेतु 20 एम0एल0डी0 सी0ई0टी0पी0 के कम्पोनेन्ट कनवेशलाइन एवं मैनहोल का ससमय कार्य पूर्ण न किये जाने के कारण कान्ट्रेटर कम्पनी मैसर्स वी0ए0 टेक वा बाग के वेतन से कतौती किये जाने के निर्देश दिये महाकुम्भ-2025 के दौरान किसी भी दशा में अनुपचारित सीवेज / औद्योगिक उत्प्रवाह गंगा नदी में निस्तारित न हो ।इरिगेशन चैनल पर तोड़-फोड़ एवं समतल किये जाने वाले दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने तथा कानपुर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित दिये गये कि इरिगेशन चैनल का उत्प्रवाह किसी भी दशा में गंगा नदी में निस्तारित न हो। 12 फरवरी उक्त परियोजना से सम्बन्धित समस्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किये जाने हेतु निर्देशित किया। उक्त परियोजना को प्रारंभ किए जाने की तिथि 11 अप्रैल 2019 थी तथा पूर्ण किए जाने की तिथि 11 अप्रैल 2021 थी जो कि एनएमसीजी द्वारा रिवाइज कर 12 दिसंबर 2022 कर दी गई थी। दूसरे एक्सटेंशन में अवधि 25 अक्टूबर 2023 कर दी गई तथा तृतीय एक्सटेंशन में बढ़ा कर 30 अप्रैल 2024 कर दी गई थी। प्लांट की कमीशनिंग अगस्त 2024 को की गई थी, किंतु अद्यतन तक प्लांट का संचालन शत-प्रतिशत क्षमता पर नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान के पंप हाउस में स्थापित पंप से का रिसाव होता पाया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उसे ठीक कराने के निर्देश दिए।

## पुलिस सभागार में हुई कोर्ट मोहर्रिर एवं पैरोकारों की कार्यशाला

कानपुर, । डॉ. विपिन कुमार मिश्र संयुक्त पुलिस आयुक्त ( मु0 एवं अ0) कमिश्नरेट कानपुर नगर के नेतृत्व में, संयुक्त निदेशक अभियोजन, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी एवं अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध, कमिश्नरेट कानपुर नगर की अध्यक्षता में कमिश्नरेट कानपुर नगर के समस्त कोर्ट मोहर्रिर एवं पैरोकारों की पुलिस कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित की गयी, इस कार्यशाला में गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, दहेज हत्या, एससी एसटी एक्ट एवं अन्य गंभीर अपराधों से संबंधित अधिकाधिक संख्या में साक्षियों की गवाही सुनिश्चित कराते हुए शीघ्र निर्णय कराने के निर्देश दिये गये ।

# स्क्रैप कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर छापा, करोड़ों की कर चोरी के दस्तावेज मिले

## सीजीएसटी एसजीएसटी की टीमों ने की कार्रवाई, 4.5 करोड़ जमा कराए

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सेंट्रल जीएसटी सीजीएसटी के अफसरों ने स्क्रैप कारोबारियों के छह प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। 10 दिन तक रेकी के बाद कार्रवाई की गई।कारोबारियों से दो करोड़ 35 लाख रुपये जमा कराए गए। जांच में पता चला कि कारोबारी बिना इनवाइस काटे ही बड़े पैमाने पर माल की निकासी कर रहे थे। जिन इनवाइस को काटा जा रहा था, उसका इस्तेमाल भी कई बार हो रहा था। अफसरों ने बड़े पैमाने पर दस्तावेज जब्त किए हैं।

सेंट्रल जीएसटी के आयुक्त गौरी शंकर सिन्हा के निर्देश पर 24 से ज्यादा अफसरों की छह टीमों ने सरोजनीनगर स्थित शिवम ट्रेडर्स और मंधना स्थित अवनी मेंटल्स प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा। इनके हरबंशमोहाल, ट्रांसपोर्टनगर, दर्शनपुरवा, बिरहाना रोड स्थित प्रतिष्ठानों पर भी एक साथ कार्रवाई की गई। फर्म संचालक शहर व आसपास के जिलों में लंबे समय से स्क्रैप की खरीद-फरोख्त कर रहे थे। कर चोरी की सूचना मिलने पर विभाग के अफसरों ने दस दिन तक इनके प्रतिष्ठानों के आसपास रेकी की। रेकी में पता चला कि बिना बिल के करोड़ों का लेनदेन किया जा रहा था।

इसके बाद अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई की। संचालकों के प्रतिष्ठानों के यहां से जब्त दस्तोवजों के आधार पर करोड़ों की कर चोरी पकड़ी गई। मौके पर संचालकों ने दो करोड़ 35 लाख रुपये जमा कराए हैं। सूत्रों ने बताया कि को जब्त दस्तावेजों का आकलन किया जाएगा। शुरुआती जांच में करोड़ों की कर चोरी के दस्तावेज मिले हैं।

स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) की टीम ने कोयलानगर स्थित स्क्रैप कारोबारी के प्रतिष्ठान पर छापा मारा। डाटा विश्लेषण से कर चोरी के पुख्ता प्रमाण मिलने के बाद कार्रवाई की गई। बाद में फर्म संचालक ने दो करोड़ 18 लाख रुपये जमा कराए।

अपर आयुक्त ग्रेड एक कानपुर जोन द्वितीय आरएस विद्यार्थी के निर्देश और अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी कुमार आनंद और संयुक्त आयुक्त एसआईबी सुशील कुमार गौतम की अगुवाई में उपायुक्त राजेश कुमार सिंह की टीम ने गौरी इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान पर छापा मारा।

फर्म शहर में स्क्रैप की खरीद और बिक्री करती है। विभाग के अफसरों को मिले गोपनीय इनपुट और विभागीय पोर्टल पर आंकड़ों के विश्लेषण करने पर पता चला कि फर्म ने जिन अन्य फर्मों से खरीद दिखाई है, वे पूर्व में उसके जीएसटीआर दो ए रिटर्न में नहीं दिख रहे थे। इसके अलावा फर्म संचालक ने दिसंबर 2024 में जीएसटीआर दो बी के सापेक्ष जीएसटीआर तीन बी में अधिक आईटीसी क्लेम कर लिया था।

# पूर्व राष्ट्रपति का नगर आगमन, बोले गेमचेंजर साबित होगा वन नेशन वन इलेक्शन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वन नेशन-वन इलेक्शन को गेमचेंजर बताया। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट जेपीसी को सौंप दी गई है। 2029 में इसकी प्रक्रिया शुरू होगी और 2034 में इसके लागू होने की संभावना है। इसके लागू होने से कई फायदे होंगे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार को स्वरूप नगर स्थित आरके देवी मेमोरियल ट्रस्ट आई हॉस्पिटल के नए भवन का उद्घाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आए थे।

उन्होंने कहा कि सपा के नेता ने एक बार पार्लियामेंट में इसके लागू होने पर सहमति जताई थी, लेकिन आज सपा मुकर रही है। लोगों में इस बिल के प्रति विश्वास बढ़े, इसलिए हमने इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट के चार रिटायर्ड जजों को भी भेजा, जिस पर उन्होंने सहमति जताई है।

उक्त सहमति मे एक देश एक चुनाव होने से काफी बदलाव देश में देखने को मिलेंगे। खास तौर पर अपनी जीडीपी एक से डेढ़ प्रतिशत तक ऐसे ही बढ़ जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए पीपीपी मॉडल पर कार्य होना चाहिए। सरकार के पास संसाधनों की कमी तो है, इसलिए पीपीपी मॉडल पर रहकर काम करना चाहिए। इससे रोगियों को बेहतर मेडिकल सुविधाएं मिल सकें।

# आईजीआरएस निस्तारण में खामियों पर अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

- **शिकायतों में समय सीमा बीत जाने के बाद निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए नगर आयुक्त को पत्र, महाप्रबंधक जल कल विभाग को कारण बताओं नोटिस**
- **उप जिलाधिकारी नरवाल को कारण बताओं नोटिस, खण्ड विकास अधिकारी चौबेपुर, निवर्तमान खण्ड विकास अधिकारी घाटमपुर को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि**

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उप जिलाधिकारी नवरल को माह जनवरी में प्रेषित संदर्भों में से नौ आईजीआरएस पर समय सीमा समाप्ति के पश्चात निस्तारित किए गए, जिसके कारण जनपद की मासिक रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसके दृष्टिगत एक सप्ताह में एस डी एम अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें व इनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। इसके लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

महाप्रबंधक जल कल द्वारा माह जनवरी में 98 प्रकरणों के फीडबैक के कार्रवाई अवशेष रह गये तथा माह दिसंबर 2024 में भी इसी तरह फीडबैक कार्यवाही हेतु अवशेष रह गए थे।

जिसके लिए तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा रोष व्यक्त किया गया था। जिस कारण जनपद की मासिक रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा हैं । क्यों न इनके खिलाफ कार्रवाई किया जाय। इसके लिए कारण बताओं नोटिस दिया गया है। नगर निगम को माह जनवरी में 10 संदर्भ प्रेषित किए गए थे। जिसकी समय सीमा बीत जाने के पश्चात भी नहीं किया गया। जिससे माह जनवरी में जनपद की रैंकिंग में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा, जिसके संबंध में नगर आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया गया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों को चिन्हित कर उनका उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें।

खण्ड विकास अधिकारी चौबेपुर, श्री चंद्रमणि निवर्तमान खण्ड विकास अधिकारी घाटमपुर को माह जनवरी में प्रेषित आई.जी.आर.एस. संदर्भ में से 15 संदर्भों का समय सीमा बीत जाने के पश्चात निस्तारण किए जाने तथा मा. मुख्यमंत्री कार्यालय से शिकायतकर्ताओं से प्राप्त किए गए। आई.जी.आर.एस. संदर्भ में 85% व हेल्पलाइन संदर्भ में 75% फीडबैक नकारात्मक रहने के कारण जनपद की मासिक रैंकिंग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है एवं

ससमय निस्तारण न होने के कारण शासन व प्रशासन की छवि भी धूमिल हुई है माह जनवरी में आई.जी.आर.एस. संदर्भ के अंतर्गत निस्तारण के संबंध में 10 अनुस्मारक पत्र भी भेजे गए। जिससे यह स्पष्ट होता है कि इनके द्वारा अपने पदेन दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई है। जिसके कारण जनपद की रैंकिंग में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जिसके फल स्वरुप विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किया गया है। जिन अधिकारियों के द्वारा आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही या शिथिलता बरती जा रही है। उनको चिन्हित कर आगे भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# बीएसएफ द्वारा कश्मीरी बच्चों के लिए गुजरात में भारत दर्शन यात्रा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। एकजुटता और राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन में सरकारी स्कूल के 15 कश्मीरी छात्रों के एक समूह के लिए भारत दर्शन यात्रा का आयोजन किया है। इस यात्रा में एक शिक्षक भी शामिल हैं।2 फरवरी, 2025 को कुपवाड़ा के त्रेहगाम में 139 बटालियन बीएसएफ मुख्यालय से शुरू हुई इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और भाईचारे की भावना पैदा करना है, साथ ही सीमा पर रहने वाले लोगों और बीएसएफ के बीच संबंधों को मजबूत करना है। अपनी यात्रा के दौरान, छात्रों ने अहमदाबाद और गुजरात के विभिन्न स्थानों का दौरा किया, जिसमें प्रतिष्ठित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, नादाबेट और अन्य उल्लेखनीय पर्यटक आकर्षण शामिल हैं। उन्हें ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का दौरा करके भारत की समृद्ध बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी विविधता का अनुभव करने का अवसर भी मिला। छात्रों ने अपने रोमांचक अनुभव और सीखने के परिणामों को साझा किया, तथा भारत की जीवंत संस्कृति और विरासत को जानने के अनूठे अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। वे देश की विविध संस्कृति, भाषाओं, वास्तुकला और भूगोल से विशेष रूप से प्रभावित हुए। बीएसएफ ने छात्रों को मान्यता देने और स्थानीय आबादी, स्कूली बच्चों और बीएसएफ के बीच समन्वय और समझ को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं। भारत दर्शन यात्रा गृह मंत्रालय (एमएचए) की एक प्रमुख पहल है और युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता और एकजुटता को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

# बेखौफ शोहदों ने दिन दहाड़े बीच सड़क छात्रा से की छेड़खानी, विरोध पर युवती के भाई को पीटा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। किदवई नगर में बेखौफ शोहदों ने कोचिंग से घर लौट रही छात्रा का बीच सड़क हाथ पकड़कर खींच लिया।

इतना ही नहीं अश्लील कमेंट करते हुए छेड़खानी की।

छात्रा किसी तरह शोहदों के चंगुल से हाथ छुड़ाकर अपने घर पहुंची। पीड़िता के भाई को मामले की जानकारी होने पर उसने छेड़खानी करने वाले शोहदों का विरोध किया तो उसका सिर फोड़ दिया। मामले में किदवई नगर थाने की पुलिस आरोपी शोहदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक भी आरोपी को अरेस्ट नहीं कर सकी है।

जूही बारादेवी में रहने वाली छात्रा ने बताया कि 5 फरवरी की शाम को 7:45 बजे कोचिंग से घर लौट रही थी। किदवई नगर के लाजवाब वाली गली के कोने पर चार से पांच लड़के खड़े हुए थे। शोहदों ने घेरकर छात्रा का हाथ पकड़ लिया और अश्लील कमेंट करने लगे। छात्रा हाथ छुड़ाकर मौके से रोते हुए घर पहुंची। घर में मौजूद भाई और परिवार के लोगों को पूरे मामले की जानकारी दी।

# राजभवन में लगी तीन दिवसीय साग-भाजी, फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी

## महामहिम राज्यपाल ने कृषि मॉडल का किया अवलोकन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में सब्जी विज्ञान विभाग ने राज भवन प्रांगण में 7 से 9 फरवरी 2025 ( तीन दिवसीय) तक आयोजित होने वाले प्रादेशिक साग भाजी, फल फूल एवं पुष्प प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय द्वारा विकसित इंटेलीजेंट मेंबरेन कल्चर फिल्म फार्मिंग टेक्नोलॉजी मॉडल एवं सब्जियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे आजाद मटर- 3, आजाद मटर-1, आजाद मटर-2, टमाटर की प्रजातियां जैसे कल्याणपुर टाइप -3, कल्याणपुर टाइप -2, कल्याणपुर टाइप- 1 एवं कल्याणपुर टाइप -5, आजाद मिर्च-1, तथा आलू की कुफरी नीलकंठ, आजाद हल्दी-1 इत्यादि को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तैयार मोटे अनाजों के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल द्वारा विश्वविद्यालय में विकसित सब्जी की विभिन्न प्रजातियां, एक जिला एक उत्पाद मॉडल एवं कृषि मॉडल का अवलोकन किया तथा उन्हें सराहा। डॉक्टर सिंह ने बताया कि राज्यपाल द्वारा विश्वविद्यालय के पंडाल में भ्रमण कर विधिवत निरीक्षण किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कृषि मॉडल की प्रमुखता से जानकारी ली। और कहा कि कृषकों तक इस प्रकार के मॉडल पहुंचने की आवश्यकता है। प्रदर्शनी में आए हुए लोगों के लिए कृषि मॉडल प्रमुखतया आकर्षण का केंद्र रहा। निदेशक शोध डॉ पीके सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित यह मॉडल विषम क्षेत्रों में भी चेरी टमाटर का उत्पादन कर सकते है। इस विधि में 70% तक पानी की कम आवश्यकता होती है साथ ही इस विधि में तरल पोषक तत्व दिए जाते हैं। इसमें फल गुणवत्ता युक्त होते हैं तथा अन्य फलों की तुलना में विटामिन सी व अन्य पोषक तत्व ज्यादा होते हैं। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए स्टाल पर सब्जियों की विभिन्न तकनीकियों का अवलोकन किया। तथा उन्हें सराहा । इस प्रदर्शनी में निदेशक प्रसार डॉक्टर आरके यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर केके सिंह, डॉ आर पी एन सिंह, डॉक्टर अजय यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पत्नी से कहासुनी पर वंदे भारत ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

कानपुर, । सेंट्रल स्टेशन पर शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां झारखंड निवासी सूरज यादव ने वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। घटना प्लेटफॉर्म नंबर 7 पर हुई, जहां सूरज अपने परिवार के साथ ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।

पत्नी शोभा यादव के अनुसार, वे एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने कानपुर आए थे और वापस झारखंड जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। शोभा ने बताया कि उनके बीच शक को लेकर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद गुस्से में आकर सूरज ने लखनऊ जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।

घटना के समय ट्रेन की चपेट में आने से सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना परिवार के सामने घटी, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जीआरपी पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की।

# कमिश्नर ने किया क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मंडल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेलने वाले बच्चे आगे आये देश में अपना नाम रोशन करें, इसके लिए आपको दस हजार घंटे का अभ्यास करना पड़ेगा. आपको चैम्पियन बनने से कोई नही रोक सकता हैद्य आप देश के खेलों में भी प्रतिभाग करें, ऐसी मेरी शुभकामनाएं है।यह बात बेसिक शिक्षा विभाग की मंडलीय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्व0रतन लाल शर्मा स्मारक किदवई नगर में कमिश्नर

के.विजयेंद्र पांडियन ने क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कही । बतौर विशिष्ट अतिथि के.विजयेंद्र पांडियन ने माँ सरस्वती के चरणों मे दीप प्रज्वलित करके दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में सभी बच्चों को विजयी भव का आशीर्वाद दिया।उप शिक्षा निदेशक राजू राणा ने बताया, दो दिन चलने वाली क्रीड़ा प्रतियोगिता में 20 खेल की प्रतियोगिता में1200 बच्चे अपने जौहर को दिखाएंगे बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है उसको बाहर लाने का काम शिक्षकों ने किया है।

राजेश वर्मा मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक ने खेल कूद के संयोजक ने विशिष्ट अतिथि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, राजेश कुमार वर्मा ने मंडल के सभी बीएसए को निर्देश दिए कि बच्चों के रहने, खाने की व्यवस्था पर नजर बनाए रखें । इस अवसर पर, उप शिक्षा निदेशक एवं राजेश कुमार वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रथम दिन दौड़, खो खो, कबड्डी, ऊँची कूद, लम्बी कूद का आयोजन हुआ। प्राथमिक स्तर बालक बालिका 50 मीटर. सूरज औरया, तपसीर बानो कानपुर देहात, 100मी. हर्ष इटावा, सोनिका कानपुर देहात, प्रथम, 200मी. लक्ष्मी कानपुर देहात, 400 मी. उमा देवी औरया जूनियर स्तर बालक बालिका 400 एवं 200 मीटर विकास कानपुर नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100मी. -प्रांशु कानपुर देहात प्रथम, 200मी. मनीष इटावा, शिवानकी प्रथम रही, 400 मी गोविद इटावा प्रथम रहा खो -खो इटावा प्रथम, कानपुर देहात दूसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर जनपद के बीएसए एव बीईओ यासमीन रहमान, मधुलिका बाजपई, दाताराम व प्राथमिक जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारी शिक्षक गण आदि रहे।

# विविध स्थापना सप्ताह में स्वर कोकिला को गीतों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

बीपीएस न्यूज

कानपुर छत्रपति शाहूजी जी महाराज विश्व विद्यालय (NAAC A++) के 60वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्थापना सप्ताह के अंतर्गत संगीत विभाग के पं. भीमसेन जोशी हाल में भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर को समर्पित सांगीतिक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ ऋचा मिश्रा ने बताया विभिन्न छात्र छात्राओं एवं सुधि श्रोताओं ने स्वं लता को उन्ही के यादगार गीतों के माध्यम से सुरीली श्रद्धांजलि अर्पित की। निशु निषाद ने तूने जिंदगी प्यार का गीत है, वैष्णवी सक्सेना ने तूने ओ रंगीले कैसा जादू किया व ये दिल तुम बिन कही लगता नहीं और पन्ना की तमन्ना है, सलोनी शर्मा ने नैना बरसों रिमझिम और अगर मुझसे मोहब्बत है, मेहविश ने दिल दीवाना, प्रियंका ने नाम गुम जाएगा चेहरा ये बदल जाएगा, विशाल ने ओ पालन हारे तुम्हारे बिना हमारा कौनो नहीं, अतिथि कलाकार आशीष ने इक प्यार का नगमा है एवं आकाश ने आपकी नज़रों ने समझा प्यार के काबिल मुझे, डॉ. स्मिता ने अजीब दास्तां है ये कहां शुरू जहां खतम, डॉ/ रत्नाथुर्मिश्र ने आएगा आने वाला आएगा, डॉ. प्रिया ये जीवन है इस जीवन का यही है रंगरूप आदि गीतों की सुरीली प्रस्तुतियों के माध्यम से लता जी को सांगीतिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

हारमोनियम पे शशांक श्रीवास्तव एवं मोहित पाल ने तथा तबले पे गुंजन चौधरी ने प्रशंसनीय संगत दी। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक डॉ.स्मिता, डॉश रत्नाथुर् मिश्र, डॉ.प्रिया तिवारी, डॉ.ममता सागर, डॉ.शुभम वर्मा तथा प्रभारी डॉ0 रश्मि गोरे उपस्थित रहीं। डॉ0 रश्मि गोरे ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांगीतिक कार्यक्रमों से छात्र-छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है अत: विश्व विद्यालय में ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

# दिव्यांग संगठनों के जरिए आयोजित हुई सुगम्य यात्रा- 2025 रैली



बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांगजनों को बाधारहित आवागमन के लिये सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली ने जारी किया। एप के समर्थन में एक रैली कारगिल पार्क से मैट्रो स्टेशन मोतीझील तक निकाली गई, जिसमें जनपद कानपुर नगर के लगभग 200 दिव्यांगजनों द्वारा मोटराइज्ड व्हीलचेयर, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल आदि मे तथा विशेष विद्यालयों यथा अन्ध विद्यालय के दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों, पहल विशेष विद्यालय के मानसिक मंदित बच्चों, दिव्यांग डेवलपमेन्ट सोसाइटी के मूकबधित बच्चों आदि ने पदयात्रा कर दिव्यांगजनों की सुगम्यता के संबंध मे जागरूकता के उद्देश्य से रैली निकाली। सरकार ने सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में बाधारहित सुगम आवागमन के लिये जारी किया है जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों के लिये रैम्प, सुगम शौचालय, पार्किंग आदि का सर्वे कराकर समुचित व्यवस्था सरकार करेगी। किसी भी दिव्यांग व्यक्ति को किसी संस्थान में सुगम यातायात में दिक्कत हो तो वह उस संस्थान की फोटो खींचकर इस ऐप में भेज सकता है। सरकार उस संस्थान को सुगम्य बनाने के लिये रैम, लिफ्ट पार्किंग आदि की व्यवस्था करायेगी। रैली को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पी0डी0 डी0आर0डी0ए0, पी0एन0 दीक्षित नें हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग कानपुर मण्डल कानपुर राकेश कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम, सी0आर0सी0 लखनऊ की यामिनी खन्ना एवं संतोष कुमार, दिव्यांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, हँडिकैप्ड एसोसिएशन ऑल इण्डिया के अध्यक्ष हृदेश सिंह, अखिलेश तिवारी कार्यालय अधीक्षक, मेट्रो रेलवे, प्रीतेश कुमार सिविल इंजीनियर, सरिता द्विवेदी एलिम्को, शैली शर्मा, मनप्रीत कौर, अनुपमा जैन, महेन्द्र, सुनील, प्रशान्त कुमार, वेद तिवारी आदि लोगो ने भी भाग लिया।

# स्टेट जी एस टी अपर आयुक्त ग्रेड वन से मिल विस्तृत वार्ता आयुक्त को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। स्टेट जी एस टी की सचल दल इकाईयों द्वारा विशेष अभियान गाड़ियों में छोटी सी कमी के नाम पर गाड़ी पकड़ने पर धारा 129 के दुरूपयोग करने, उचित जवाब देने के बावजूद पुन: नोटिस भेजकर नियम विरुद्ध कार्यालय बुलवाने व एस आई बी द्वारा गोदामों व उद्योग की जाँच मे दबाव बनाकर टैक्स व पेनाल्टी जमा करवाने और अन्य समस्याओ को लेकर व्यापारी स्टेट जी एस टी अपर आयुक्त ग्रेड वन से मिले, विस्तृत वार्ता करके आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा और पिछले दिनों विशेष अभियान मे पकड़ी गई कार्यालय मे खड़ी कई गाड़ियों मे विभाग के पोर्टल काम न करने की समस्या को उठाते उन्हें जल्द छोडने को कहा गया!

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह व महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने के नेतृत्व मे कानपुर मे स्टेट जी एस टी की सचल दल इकाईयों द्वारा विशेष अभियान मे गाड़ियों मे छोटी सी कमी के नाम पर गाड़ी पकड़ने पर धारा 129 के दुरूपयोग करने, खंड अधिकारियो द्वारा उचित जवाब देने के बावजूद पुन: नोटिस भेजकर नियम विरुद्ध कार्यालय बुलवाने व एस आई बी द्वारा गोदामों उद्योग की जाँच मे दबाव बनाकर टैक्स व पेनाल्टी जमा करवाने और अन्य समस्याओ को लेकर व्यापारी स्टेट जी एस टी



अपर आयुक्त ग्रेड वन शशांक शेखर मिश्र व अपर आयुक्त ग्रेड टू संजय पाठक से मिले!

महानगर अध्यक्ष गुरुजिन्दर सिंह ने कहा कि एस आई बी द्वारा गोदाम व दुकानों मे जाकर जाँच के दौरान भी स्टॉक के मिलान मे थोड़ी बहुत कमी बताकर पेनाल्टी व टैक्स जमा कराने का दबाव बनाया जा रहा हैं व किसी भी वर्ष मे व्यापारियों व उद्यमियों को नोटिस भेजकर टैक्स के मिलान के लिए कार्यालय बुलाया जा रहा हैं जो कि नियमावली मे नहीं हैं और कही न कही व्यापारियो व उद्यमियों का उत्पीड़न हैं इस तरह की प्रक्रिया तत्काल बंद की जाय। अपर आयुक्त ग्रेड वन व ग्रेड टू से वार्ता व ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से संगठन के दक्षिण अध्यक्ष कमल त्रिपाठी, महानगर युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह आदि रहे।

# झूठ और लूट की राजनीति पर लगा पूर्ण विराम, भाजपा की जीत पर योगी आदित्यनाथ की हुंकार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और मिल्कीपुर उपचुनाव के नतीजों ने झूठ और लूट की राजनीति पर पूर्ण विराम लगा दिया है। यह पिछले 11 साल से पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जीत है। मैं दिल्ली में विजयी हुए सभी उम्मीदवारों को बधाई देना चाहता हूं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं 2.5 दशकों के अंतराल के बाद बीजेपी को सत्ता में वापस लाने के लिए पीएम मोदी, बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बधाई देता हूं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदयतल से बधाई!

## मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की बड़ी जीत, चंद्रभानु ने सपा को 61,639 मतों से हराया

अयोध्या। अयोध्या जिले की मिल्कीपुर सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद को 61,639 मतों से करारी शिकस्त दी है। 30वें व अंतिम राउंड की गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी को एक लाख 45 हजार 893 मत मिले जबकि सपा प्रत्याशी को 84 हजार 254 वोट मिले। इस तरह भाजपा प्रत्याशी की 61 हजार 639 मतों से बड़ी जीत हुई ।मिल्कीपुर में भाजपा की जीत पीएम मोदी व सीएम योगी पर जनता के विश्वास की जीतभाजपा नेता व महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जनता के विश्वास की जीत है। वहीं, दिल्ली में जीत के लिए उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को भी बधाई कि जिन्होंने भाजपा को दिल्ली में सरकार बनाने का मौका दिया।

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की की जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को बधाई दी है और कहा कि यह जीत जनता के यूपी सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास की जीत है ।उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदयतल से बधाई!

# महाकुंभ में पहुंचे बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बोले- मानव 'माधव' का रूप, पाकिस्तान से आए...



बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमें सदैव इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि भारत की संस्कृति का 'सनातन' आदर्श अस्तित्व की एकता है। सारे मतभेद वहीं ख़त्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति कहती है कि यदि आप किसी भी मनुष्य को उसके दिव्य रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि 'मानव' 'माधव' का रूप हैं। आप इसे यहां देख सकते हैं। लोग एक-दूसरे को नहीं जानते लेकिन हर कोई यहां आ रहा है। यहां हमारी विरासत, आदर्शों और मूल्यों का जश्न मनाया जा रहा है।

देश-विदेश में महाकुंभ की दिव्यता के बारे में सोशल मीडिया आदि पर देख-सुनकर पाकिस्तान के सनातनी लोग खुद को यहां आने से रोक न सके और सिंध प्रांत से 68 हिंदू श्रद्धालुओं का एक जत्था बृहस्पतिवार को यहां पहुंचा और संगम में डुबकी लगाई। सूचना विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान से आए सभी श्रद्धालुओं ने बृहस्पतिवार को पवित्र संगम में स्नान कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं के साथ आये महंत रामनाथ जी ने बताया कि पहले वे सभी हरिद्वार गये थे जहां उन्होंने अपने लगभग 480 पूर्वजों की अस्थियों का विसर्जन और पूजन किया। इसके बाद उन्होंने महाकुंभ आकर संगम में स्नान किया और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इससे पहले दिन में सेक्टर नौ में स्थित श्रीगुरुकार्ष्णि के शिविर में बातचीत में सिंध प्रांत से आए गोबिंद राम माखीजा ने बताया, पिछले दो तीन महीनों में जब से हमने महाकुंभ के बारे में सुना है, तब से हमारी बड़ी इच्छा यहां आने की थी। हम खुद को आने से रोक नहीं सके। उन्होंने बताया, पिछले वर्ष अप्रैल में 250 लोग पाकिस्तान से प्रयागराज आए थे और गंगा में डुबकी लगाई थी। इस बार सिंध के छह जिलों- गोटकी, सक्कर, खैरपुर, शिकारपुर, कर्जकोट और जटाबाल से 68 लोग आए हैं जिनमें करीब 50 लोग पहली बार महाकुंभ में आए हैं।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में फिर लगी आग, 20-22 तंबू जल कर हुए खाक

महाकुंभ कुंभ मेले के सेक्टर 18 शंकराचार्य मार्ग पर आग लग गई। दमकल की गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है और आग बुझाने का काम किया जा रहा है। मौके से अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। खाक चौक पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि पुरानी जीटी रोड पर तुलसी चौराहे के पास एक शिविर में आग लग गई। हालांकि, अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है। उन्होंने कहा कि अभियान की निगरानी के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10.45 बजे सेक्टर 18 के एक पंडाल के टेंट में धुआं देखा गया, हालांकि फायर ब्रिगेड ने तुरंत तीन गाड़ियां भेजकर आग पर काबू पा लिया। दो से तीन टेंट जल गए लेकिन आग पर काबू पा लिया गया है। सीएफओ प्रमोद शर्मा ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है. इसकी शुरुआत इस्कॉन से हुई और फिर दूसरे टेंटों में भी आग लग गई। किसी की जान का नुकसान नहीं हुआ है और न ही कोई घायल हुआ है। 20-22 तंबू जल गए हैं।

# किसी ने जबरन धर्मांतरण कराया तो खैर नहीं

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर राजस्थान की भाजपा सरकार ने भी अवैध धर्मांतरण रोकने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। हम आपको बता दें कि भजन लाल शर्मा सरकार ने अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के मकसद से राजस्थान विधिविरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2025 सोमवार को विधानसभा में पेश किया है। हम आपको बता दें कि इस विधेयक में अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने के मामले में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की कैद और 50,000 रुपये तक के जुर्माने की सजा देने का प्रावधान किया गया है। इस प्रस्तावित अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होगा ।स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने अवैध धर्मांतरण विरोधी विधेयक विधानसभा में पेश किया। इसमें गलतबयानी, बल प्रयोग, गलत प्रभाव, उत्पीड़न, प्रलोभन, छल या जबरन शादी के जरिये एक धर्म से दूसरे धर्म में विधि विरुद्ध संपरिवर्तन को अपराध बनाया गया है। विधेयक में कम से कम एक साल के कारावास, जिसे पांच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और 15,000 रुपये के जुर्माने की सजा देने का प्रावधान किया गया है। इसमें नाबालिग या अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिला का अवैध रूप से धर्मांतरण कराने वालों को दो साल की कैद, जिसे



बढ़ाकर दस साल तक किया जा सकता है और 25,000 रुपये के जुर्माने की सजा देने की व्यवस्था की गई है। विधेयक में सामूहिक धर्म परिवर्तन के मामले में तीन साल की जेल की सजा देने, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है और 50,000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है ।इसमें कहा गया है कि जो लोग स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करना चाहते हैं, उन्हें कम से कम 60 दिन पहले जिला अधिकारी को निर्धारित प्रारूप में एक हलफनामा देना होगा। विधेयक के उद्देश्यों और लक्ष्यों के मुताबिक, भारत का संविधान सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान करता है, जो देश की सामाजिक समरसता को प्रतिबिंबित करती है और धर्मनिरपेक्षता की भावना को बनाए रखने में मदद करती है। विधेयक में कहा गया है, हाल में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें लोगों को गलतबयानी, बल प्रयोग, गलत प्रभाव, उत्पीड़न, प्रलोभन या छल के जरिये दूसरा धर्म अपनाने के लिए प्रेरित या मजबूर किया गया। इसमें कहा गया है, देश के विभिन्न राज्यों में धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित विभिन्न कानून पहले से ही मौजूद हैं, लेकिन राजस्थान में उक्त विषय पर कोई कानून नहीं था। इसे देखते हुए गैरकानूनी धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने का निर्णय लिया गया।

हम आपको बता दें कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में पिछले साल 30 नवंबर को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने संबंधी विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी गई थी।

## 6, 13, 21 फरवरी को महाकुंभ के लिए बिल्कुल फ्री में चलेगी ट्रेन, जानें किस उम्र के लिए है ये मौका

संगम नगरी प्रयागराज में इन दिनों सभी की नजरें टिकी हुई हैं. हर रोज यहां श्रद्धालु आ रहे हैं और स्नान कर रहे हैं. आस्था के इस महाकुंभ में साधु-संत ही नहीं बल्कि आम आदमी भी आस्था की डुबकी लगा रहा हैं. देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग यहां स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं. लोग यहां अपनी गाड़ियों से, फ्लाइट लेकर या फिर ट्रेनों से पहुंच रहे हैं. रोजाना लाखों लोग ट्रेनों से सफर कर रहे हैं और महाकुंभ पहुंच रहे हैं. ऐसे में अगर आप अभी तह यहां नहीं आए हैं तो आप ट्रेन से बिल्कुल फ्री में आ सकते हैं. बहुत कम समय के लिए आपके पास है मौका, वरना महाकुंभ इसी महीने हो जाएगा समाप्त.

गोवा सरकार ने महाकुंभ में भाग लेने के उद्देश्य से श्रद्धालुओं को नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए तटीय राज्य गोवा से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज तक तीन विशेष ट्रेनों की घोषणा की है. मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को बताया कि पहली ट्रेन छह फरवरी को सुबह आठ बजे दक्षिण गोवा के मडगांव रेलवे स्टेशन से रवाना होगी.

उन्होंने बताया कि अन्य दो ट्रेनें 13 और 21 फरवरी को मडगांव से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगी. प्रत्येक ट्रेन केवल गोवा से प्रयागराज के बीच संचालित होगी और इसमें करीब 1,000 यात्री सफर कर सकेंगे. राज्य के समाज कल्याण मंत्री सुभाष फल देसाई ने कहा कि यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों को मुफ्त



भोजन और ट्रेन यात्रा की सुविधा दी जाएगी.

उन्होंने कहा, 卐ये ट्रेनें 34 घंटे की यात्रा के बाद प्रयागराज पहुंचेंगी.卐 मंत्री ने कहा कि प्रयागराज पहुंचने के बाद तीर्थयात्रियों को अपने ठहरने और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों को प्रयागराज पहुंचने के 24 घंटे के भीतर लौटने के लिए ट्रेन में सवार होना होगा. उन्होंने बताया कि ये ट्रेनें 'मुख्यमंत्री देव दर्शन योजना' के तहत चलाई जा रही हैं. 18 से 60 वर्ष की आयु के ऐसे लोग, जिन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या नहीं है, वे इन ट्रेनों में यात्रा के लिए पात्र होंगे.

## सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा महाकुंभ में तबाही का मंजर, भीड़ पर भारी पड़ गई आस्था

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान हुए हादसे ने देशभर को हिला कर रख दिया है. बुधवार सुबह जब लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाने के लिए उमड़ पड़े तो इस भीड़ ने एक भगदड़ का रूप ले लिया. इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो चुकी है और 60 से अधिक लोग घायल हैं. डॉक्टरों की टीम लगातार घायलों का इलाज कर रही है और प्रशासन हालात को नियंत्रण में लाने की कोशिश कर रहा है. इस बीच सैटेलाइट तस्वीरों ने इस तबाही के मंजर को बयां किया है.दरअसल सैटेलाइट तस्वीरों में भगदड़ के पीछे की वजह साफ दिखाई दे रही है. इंडिया टुडे द्वारा जारी की गई तस्वीरों में संगम नोज क्षेत्र में भारी भीड़ और अव्यवस्था साफ नजर आ रही है. जहां बाकी घाटों पर भीड़ अपेक्षाकृत कम दिख रही थी वहीं संगम नोज पर भक्तों का हुजूम नियंत्रण से बाहर होता दिखाई दिया.तस्वीरों के हवाले से इंडिया टुडे की रिपोर्ट में बताया गया कि गया कि संगम घाट पर संन्यासियों और अखाड़ों के स्नान के लिए जगह खाली करवाई गई थी. जिसके कारण बोतलनुमा स्थिति बन गई. जब श्रद्धालुओं को घाट पर जाने की अनुमति मिली तो अचानक भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस भगदड़ का कारण अचानक हुई भीड़ की बढ़ोतरी थी क्योंकि लोग अमावस्या के शुभ मुहूर्त में 3 बजे स्नान करना चाहते थे.इस हादसे के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ी कदम उठाते हुए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के उपाय बढ़ा दिए हैं. प्रशासन यह सुनिश्चित करने में जुटा है कि आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं. हालांकि हादसे के बाद भी लाखों की संख्या में लोग संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं जिससे अधिकारियों के लिए चुनौती बढ़ गई है.जानकारी के मुताबिक बुधवार को 7.64 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान किया जो अब तक के किसी एक दिन में सबसे ज्यादा है. इस महाआयोजन की शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी और यह 26 फरवरी तक चलेगा. अभी तक कुल 27.58 करोड़ से अधिक लोग इस महाकुंभ में शामिल हो चुके हैं.इस दुखद घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाए हैं. प्रशासन ने संगम क्षेत्र में और अधिक सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी है और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नए मार्गदर्शक नियम लागू किए हैं. इसके बावजूद भी लाखों श्रद्धालु महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए लगातार पहुँच रहे हैं.

## प्रसाद में बंटी खीर.. खाते ही 250 लोग पड़ गए बीमार, अस्पताल में लगी लाइन

कई बार फूड पॉइजनिंग इतनी खतरनाक हो जाती है कि वह लोगों को अस्पताल पहुंचा देती है. इसी कड़ी में महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले के एक गांव में आयोजित मेले में फूड पॉइजनिंग के कारण 250 से अधिक लोग बीमार हो गए. यह घटना मंगलवार को शिवनाकवाड़ी गांव में हुई, जहां एक धार्मिक मेले के दौरान प्रसाद के रूप में 'खीर' बांटी गई थी. पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को इस मामले की जानकारी दी और बताया कि बीमार हुए लोग दस्त और बुखार की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे थे.

कुरुंदवाड़ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा कि शिरोल के अस्पताल में 50 से अधिक लोग इलाज करा रहे हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है. इन सभी ने मेले में खीर खाने का दावा किया है, हालांकि मेले में अन्य खाद्य स्टॉल भी लगे थे. अधिकारी के अनुसार फूड पॉइजनिंग के कारण बीमार होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 255 तक पहुंच गई है.

अधिकारी ने बताया कि मेले के बाद बुधवार सुबह से ही कई लोगों ने दस्त और बुखार की शिकायत करना शुरू किया था, और अब तक 255 लोग इस संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से प्रभावित हो चुके हैं. अधिकतर लोग खीर खाने के बाद बीमार हुए, लेकिन कुछ अन्य खाद्य पदार्थों से भी जुड़े हुए थे.

वर्तमान में अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है, और बाकी लोगों को छुट्टी दे दी गई है. अधिकारी ने पुष्टि की कि अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों के स्वास्थ्य में कोई गंभीर परिवर्तन नहीं आया है. इस घटना के बाद पुलिस ने फूड पॉइजनिंग की पुष्टि करने के लिए मेला स्थल से खीर और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेजे हैं. जांच जारी है, और संबंधित अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में और जानकारी प्राप्त की जाएगी.

## 5 करोड़ दो.. छह करोड़ बना दूंगा, बैंक मैनेजर को ही ठग लिया

ठगी के जाल में सिर्फ आम लोग ही नहीं बल्कि बड़े पदों पर बैठे लोग भी फंस जाते हैं. महाराष्ट्र के भंडारा जिले में ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. हुआ यह कि एक्सिस बैंक के एक शाखा प्रबंधक को लालच देकर ठगों ने उससे पांच करोड़ रुपये निकलवा लिए. यह कहकर कि रकम बढ़ाकर छह करोड़ कर दी जाएगी. जब पुलिस को इस गुप्त लेन-देन की भनक लगी तो उन्होंने तुमसर इलाके की एक ड्राई क्लीनिंग दुकान पर छापा मारा और वहां छिपाकर रखे गए पूरे पांच करोड़ रुपये बरामद कर लिए. इस सनसनीखेज मामले में बैंक मैनेजर समेत नौ लोगों को हिरासत में लिया गया है और अब पुलिस जांच में चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं.

दरअसल पुलिस अधीक्षक नूरुल हसन के अनुसार, एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक को कुछ लोगों ने लालच दिया था कि अगर वह उन्हें बैंक से पांच करोड़ रुपये निकालकर दे दें तो वे उसे छह करोड़ रुपये लौटाएंगे. इस गुप्त सौदेबाजी की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और एक सटीक योजना के तहत कार्रवाई की गई.

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अपराध शाखा और आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तुमसर इलाके के इंदिरा नगर में स्थित एक ड्राई क्लीनिंग की दुकान पर छापा मारा. वहां से एक बक्से में रखी पांच करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई. मौके पर मौजूद सभी संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया.

# गाल में गहरा घाव, नर्स ने टांके की जगह लगा दिया 'फेवीक्विक

कर्नाटक में जो घटना सामने आई है, उसे सुनकर हर कोई हैरान है. घटना 14 जनवरी की है. जहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक साल की बच्ची के गाल पर नर्स ने टांके की जगह 'फेवीक्विक' लगा दिया. जिसके बाद इस घटना का वीडियो खूब वायरल हो रहा है. आइए जानते हैं पूरा मामला. हावेरी जिले के हनागल तालुक के अदूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक माता-पिता अपने बच्चे को लाए. सात साल के गुरुकिशन अन्नप्पा होसामनी के गाल पर गहरे घाव से बहुत ज़्यादा खून बह रहा था.

माता पिता ने बताया कि बच्चे, गुरुकिशन अन्नप्पा होसामनी (7) को खेलते समयगहरी चोट लग गई. उसके माता-पिता उसे अडूरू स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां नर्स ज्योति ने टांके लगाने जैसे उचित उपचार देने के बजाय घाव पर फेवीक्विक लगाया और पट्टी बांध दी. घाव इतना गंभीर था कि तीन टांके लगाने की ज़रूरत थी, लेकिन इसके बजाय नर्स ने गोंद का विकल्प चुना.माता-पिता ने नर्स का एक वीडियो रिकॉर्ड किया था जिसमें नर्स यह कहकर उनकी चिंता को दूर कर रही थी कि वह सालों से ऐसा करती आ रही है और यह बेहतर है क्योंकि टांके लगाने से बच्चे के चेहरे पर हमेशा के लिए निशान रह जाएंगे. बाद में उन्होंने आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई और वीडियो भी पेश किया. वीडियो सबूतों के बावजूद, ज्योति को निलंबित करने के बजाय, अधिकारियों ने उसे 3 फरवरी को हावेरी तालुक के गुत्थल स्वास्थ्य संस्थान में स्थानांतरित कर दिया, जिससे लोगों में और भी आक्रोश फैल गया.वीडिया सामने आने के बाद बाद लोगों ने इस मामले का जमकर विरोध जताया. मामला सरकार तक पहुंचा जिसके बाद राज्य सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बुधवार को बुलाई गई बैठक में नर्स को निलंबित करने का फैसला लिया गया. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा आयुक्त कार्यालय के एक बयान के अनुसार, 'फेवीक्विक' एक चिपकने वाला घोल है, जिसका नियमों के तहत चिकित्सा उपयोग की अनुमति नहीं है.

इस मामले में बच्चे के इलाज के लिए 'फेवीक्विक' का उपयोग करके कर्तव्य में लापरवाही बरतने के लिए जिम्मेदार स्टाफ नर्स को प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद निलंबित कर दिया गया है और नियमों के अनुसार आगे की जांच लंबित है.卐 प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जिस बच्चे का यह उपचार किया गया, उसका स्वास्थ्य अच्छा है और संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं

## ठाणे में 31.75 लाख रुपये का प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद, पांच लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो प्रतिबंधित कफ सिरप की 31.75 लाख रुपये मूल्य की बोतलें अवैध रूप से रखने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मादक पदार्थों से युक्त इन कफ सिरप का अक्सर नशे के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिससे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पता था कि बिना उचित अनुमति के इन सिरप की बिक्री प्रतिबंधित है फिर भी वे मादक पदार्थ युक्त सिरप अपने पास रखे हुए थे ।नारपोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 31 जनवरी को भिवंडी कस्बे से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारियों ने 17,640 बोतलें जब्त कीं, जिनमें कोडीन फॉस्फेट (एक प्रकार का अफीम) और अन्य रसायन थे ।उन्होंने बताया कि इन्हें 147 बक्सों में रखा गया था और ये अवैध बिक्री के लिए थीं। अधिकारी ने कहा, ''हम जांच कर रहे हैं कि आरोपियों ने ये बोतलें कहां से प्राप्त कीं और वे इसे किसे बेचना चाहते थे। बड़ी आपूर्ति श्रृंखला का पता लगने पर और गिरफ्तारियां की जा सकती हैं।'' उन्होंने बताया कि 24-45 वर्ष के पांच लोगों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कानपुर-आगरा के बीच बनेगा चमड़ा उत्पादों का मेगा क्लस्टर, विदेशी कंपनियां लगा सकती हैं साझा उपक्रम

बीपीएस न्यूज



कानपुर ।आम बजट में उत्तर प्रदेश के लिए दो मेगा लेदर क्लस्टर स्थापित करने की घोषणा की गई है। यह दोनों कानपुर-आगरा के बीच बनाए जाने की योजना है। इसके लिए जरूरी भूमि बैंक तैयार है। किस स्थान पर बनाया जाना है, इसके लिए शासन से दिशा निर्देश मिलने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस संबंध में उद्योग निदेशालय से एक रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। माना जा रहा हैं कि जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार के बजट सत्र के दौरान इसे लेकर घोषणा की जा सकती है ।इस मेगा परियोजना के तहत चमड़ा उत्पादों के लिए एक मेगा क्लस्टर कानपुर महानगर के क्षेत्र और फुटवियर के लिए आगरा क्षेत्र में क्लस्टर बनने की संभावना है। बताया जा रहा है कि इन मेगा क्लस्टर में ताइवान, यूरोप, अमेरिका की कंपनियों से साझा उपक्रम लगाने के लिए बातचीत भी चल रही है। जिसमें जूता, जैकेट, बैग व चमड़े के दूसरे उत्पाद बनाने वाली कंपनियों एडीडॉस, नाइकी, प्यूमा जैसे ब्रांडों को यहां पर निवेश के लिए बुलाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

मेगा लेदर क्लस्टर के लिए शासन को एक रिपोर्ट बनाकर भेजी गई है। केंद्र सरकार के बजट में कानपुर और आगरा के बीच में क्लस्टर बनाए जाने की बात कही है। उसके आधार पर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस क्लस्टर में देश के अलावा चमड़ा कारोबार से जुड़ी दुनिया की बड़ी कंपनियों को भी निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। क्लस्टर स्थापित करने के लिए जमीन पर्याप्त मात्रा में है। -के. विजयेंद्र पांडियन निदेशक उद्योग उप्र

कानपुर-उन्नाव के बीच बनाए जाने वाले मेगा लेदर क्लस्टर का शिलान्यास 23 मार्च को किया जाएगा। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद शासन से इसको शुरू करने की प्रक्रिया पर तेजी से काम किया जा रहा है। इस संबंध में उद्योग निदेशालय ने भी रुपरेखा तैयार कर ली है। इसको पूरा होने में करीब दो वर्ष का समय लग सकता है। यहां पर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के बाद ही चमड़ा कारोबार शुरू हो पाएगा ।उद्योग निदेशक के. विजयेंद्र पांडियन के अनुसार रमईपुर मेगा लेदर क्लस्टर का कुल क्षेत्र 260 एकड़ का होगा। इस बार के प्रदेश सरकार के बजट में भी इसके लिए प्रावधान किए जाने के संकेत हैं। इस क्लस्टर के स्थापित होने से दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। यहां पर चमड़ा उत्पादों की फ्लैटेड इकाइयों समेत 150 से अधिक टेनरियों की स्थापना भी की जाएगी ।करीब आठ साल पुराने इस प्रोजेक्ट के धरातल पर उतरने की जानकारी से मिलने से शहर के चमड़ा कारोबारियों ने खुशी है। इस क्लस्टर में 30 फीसदी ग्रीन बेल्ट होगी। यहां पर 20 एमएलडी क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। इसके अलावा प्रदर्शनी स्थल, कॉमन फैसिलिटी सेंटर जैसी सुविधाएं यहां पर मिलेंगी। यहां पर सालाना 13 हजार करोड़ का सालाना कारोबार होने की संभावना है ।बजट में वेट ब्ल्यू लेदर (सिर्फ क्रोमियम से टेंड गीला चमड़ा) से आयात शुल्क खत्म किए जाने से कच्चे माल के संकट जूझ रहीं शहर की टेनरियों को बड़ी राहत मिली है। पहले इस पर 11 प्रतिशत शुल्क लगता था। अब टेनरियां वेट ब्ल्यू लेदर को आयात कर फिनिश्ड और क्रस्ट लेदर का उत्पादन कर सकेंगी ।फिनिश्ड लेदर से जूते, परिधान, सैडलरी, हारनेस वगैरह बनते हैं।

# दिल्ली विस एवं मिल्कीपुर उपचुनाव में प्रचंड जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न



कानपुर, 8 फरवरी (निस)। दिल्ली विधानसभा एवं अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में जीत की खुशी में भाजपाईयों ने केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी की। दिल्ली में भाजपा ने सभी समीकारणों को ध्वस्त करते हुए पार्टी के 27 वर्षों के वनवास को खत्म कर इस बार विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। भाजपा की शानदार जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में विजय श्री हासिल कर भाजपा की सरकार बनने एवं मिल्कीपुर सीट जीतने की खुशी में पार्टी कार्यकताओं ने केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को माला पहनाकर जीत की बधाई दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी मिठाई खिलाकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया ।महिला और पुरुष कार्यकर्ता भी ढोल पर नाच कर जश्न मना रहे थे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों से जो आपदा छाई थी उससे दिल्ली की जनता को मुक्ति मिल गई है। अन्ना के आंदोलन में सवार होकर झूठ का माहौल बनाने वाले और ईमानदारी का ढोल पीटने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके दर्जनों मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की पोल खोलते हुए इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत का जनादेश दिया है। दिल्ली की जनता को आपदा से मुक्ति मिलने पर आज अन्ना हजारे को भी तसल्ली मिली होगी।

इंडी गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में जॉर्ज सोरेश और विदेशी शक्तियों के इशारे पर झूठा निरेटिव सेट कर संविधान बदलने , आरक्षण खत्म करने के बारे जनता को बरगलाने का काम किया। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र दिल्ली और मिल्कीपुर की जनता ने इंडी गठबंधन को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है।

दिल्ली की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की जीत है ।दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि दिल्ली एवं मिल्कीपुर चुनाव की जीत विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित है। यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर दिल्ली और मिल्कीपुर की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी अजेय थे, अजेय हैं और अजेय रहेंगे। पार्टी की शानदार जीत की खुशी में नाच रहे कार्यकर्ताओं के ऊपर कार्यालय के छज्जे से जबरदस्त पुष्प वर्षा की गई। प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी,अरुण पाठक, पूनम द्विवेदी, कौशल किशोर दीक्षित, रघुनंदन भदौरिया, मनोज शुक्ला, अनीता गुप्ता, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, प्रकाश वीर आर्य, पार्षद डॉ अखिलेश बाजपेई, अनीता त्रिपाठी, संजीव बेरी आदि मौजूद रहे।

# बीजेपी नेता के हुक्का बार में छापेमारी

## सादी वर्दी में रेकी कर वीडियो बनाया, फिर बुलाई फोर्स

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।भाजपा नेता विकास दुबे के हुक्का बार में छापेमारी की गई। शुक्रवार को गोविंद नगर थाने के दरोगा और सिपाही ने सिविल ड्रेस में हुक्का बार में रेकी की और फिर सूचना देकर भारी फोर्स ने संग छापा मारा। यहां दो कर्मचारियों को अरेस्ट किया है। जिनके नाम से भाजपा नेता यह अवैध हुक्का बार संचालित कर रहे थे ।जांच के दौरान सामने आया कि भाजपा के दिग्गज नेता हुक्का बार की ओपनिंग में पहुंचे थे। पुलिस को कई भाजपा नेताओं की तस्वीरें भी मिली हैं। गोविंद नगर नंदलाल चौराहे के पास भाजपा नेता व भाजयुमो के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष विकास दुबे की बिल्डिंग है। इसमें हैमर्ज क्लब एंड लाउंज नाम से अवैध हुक्का बार चल रहा था। यहां सुबह से शाम तक लड़के और लड़कियों का आना-जाना था। यहां अवैध रूप से हुक्का बार संचालित होने से मोहल्ले के लोग परेशान हो गए थे। आसपास के लोगों ने हुक्का बार की शिकायत गोविंद नगर थाने में की। शिकायत के बाद गोविंद नगर थाने के दरोगा अमित फौजदार और कॉन्स्टेबल अनुराग शुक्ला हुक्का बार में सिविल ड्रेस में पहुंचे। यहां देखा कि हर टेबल पर हुक्का रखा हुआ था और यंग लड़के और लड़कियां धड़ल्ले से हुक्का गड़गड़ा रहे थे। किसी को शक नहीं हो इस वजह से दरोगा और कॉन्स्टेबल ने भी पहले हुक्का पीते हुए पूरे रेस्टोरेंट की रेकी करते हुए वीडियो बना लिया।

दरोगा और कॉन्स्टेबल ने गोविंद नगर थाने को सूचना दी तो भारी फोर्स ने रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे अवैध हुक्का बार में छापा मारा। छापेमारी होते ही हुक्का बार में हड़कंप मच गया। इस दौरान वहां से निराला नगर निवासी प्रियांशु दुबे और गंगापुर कॉलोनी यशोदा नगर निवासी मोहनिस पांडेय उर्फ जीतू पांडेय को अरेस्ट कर लिया। जांच के दौरान दोनों हुक्का बार संचालित करने से संबंधित लाइसेंस नहीं दिखा सके। इसके साथ ही अलग-अलग टेबल पर रखे सात हुक्को को पुलिस ने जब्त किया है ।गोविंद नगर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हुक्का बार संचालक प्रियांशु दुबे और मोहनिस पांडेय उर्फ जीतू के खिलाफ खतरनाक बीमारी के संक्रमण को फैलाने, जानबूझकर लोगों के जीवन को खतरे में डालने, सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान कराने और किशोरों को तंबाकू उत्पाद बेचने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### हाईवे पर पलटी स्कार्पियो, एक श्रद्धालु की मौत, 6 घायल

कानपुर। राजस्थान के बाड़मेर से महाकुंभ संगम स्नान के लिए जा रहे स्कार्पियो सवार श्रद्धालुओं को महाराजपुर हाईवे पर ओवरटेक के चक्कर में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जबरदस्त ठोकर से स्पार्कियो डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ पलट गई। दूसरी तरफ से आ रहे वाहन ने भी टक्कर मारी और हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य साथी घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर जाम खुलवाया।

# जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह व डॉ. संजय काला ने माँ सरस्वती की मूर्ति का किया अनावरण

## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हुआ सरस्वती पूजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में सरस्वती पूजन एवं नवनिर्मित सरस्वती मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवम डा संजय काला ने माँ सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जे. एस. कुशवाहा, डॉ. सुनीति पांडेय, डा डी के अग्रवाल, डा यशवंत राव, डा रिचा गिरी, डॉ. सीमा द्विवेदी, डा चयनिका काला, डॉ. एस. के. बर्मन ,डॉ सौरभ नायक उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वचनों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक बना दिया ।सरस्वती पूजन के दौरान आचार्य कमलेश कुमार शुक्ल, आचार्य राम गोपाल मिश्र और आचार्य दुर्गेश तिवारी सभी श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और श्रद्धा के साथ देवी सरस्वती की आराधना की। इसके बाद नवनिर्मित सरस्वती मंदिर का अनावरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया, जो कि कॉलेज परिसर के आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक समृद्ध करता है ।कार्यक्रम का आयोजन पैरा क्यू 2 के विद्यार्थियों के द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर सभी ने विद्या और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया और इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि यह कॉलेज परिवार की एकजुटता और समर्पण का भी परिचायक बना।

# अधिवक्ताओं पर रुकें हमले नही तो होगा आंदोलन, अधिवक्ता पर हमला करने वाले दरोगा की गिरफ्तारी की मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। इलाहाबाद में अधिवक्ता पर पुलिस कर्मचारी द्वारा किए गए जानलेवा हमले पर हुई बैठक में बोलते हुए पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लायर्स एसोसिएशन ने कहा कि आज उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अधिवक्ता धीरेंद्र सिंह जब अधिवक्ता वेशभूषा में न्यायिक कार्य से उच्च न्यायालय जा रहे थे कि हिंदू हॉस्टल चौराहे पर पुलिस कर्मचारी अतुल कुमार ने उनको रोककर हमला किया उधर से निकल रहे अधिवक्ताओं ने बचाया नहीं तो धीरेंद्र की जान भी जा सकती थी यह हमला अधिवक्ताओं की अस्मिता पर हमला है अधिवक्ता सम्मान पर हमला है और न्यायालय जाते समय अधिवक्ता को रोका जाना न्यायालय की अवमानना है अधिवक्ता धीरेंद्र पर हुए हमले की हम घोर निंदा करते हैं यद्यपि प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस कर्मचारी को निलंबित किया गया और अधिवक्ता की रिपोर्ट मुकदमा अपराध संख्या 44 सन 2024 पर लिखी गई किंतु अभी तक हमलावर पुलिस कर्मचारी के गिरफ्तार न होने से हम अधिवक्ताओं में घोर आक्रोश है

हमारा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम तत्काल लागू किया जाए ।हमारी प्रदेश सरकार से मांग है की तत्काल अधिवक्ता पर हमला करने वाले पुलिस कर्मचारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए अन्यथा प्रदेश का अधिवक्ता अपने सम्मान की रक्षा के लिए आंदोलन को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

प्रमुख रूप से अरविंद दीक्षित समीर मिश्रा इशू सोनकर आयुष शुक्ला रमा कांत मिश्रा अंकुर गोयल आनंद गुप्ता महेंद्र पाल शिवम गंगवार वीर जोशी के के यादव आदि रहे।

# राष्ट्रीय बजट ने अधिवक्ताओं को फिर किया निराश, अधिवक्ता फिर खाली हाथ :पं रवीन्द्र शर्मा

बीपीएस न्यूज

कानपुर ।कचहरी परिसर में केंद्रीय बजट पर हुई परिचर्चा में बोलते हुए पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर अधिवक्ताओं की एक भी सामाजिक सुरक्षा योजना नहीं है । अपनी सामाजिक सुरक्षा हेतु अधिवक्ता राष्ट्रीय बजट में निश्चित धनराशि का बजटीय प्रावधान किए जाने हेतु निरंतर मांग करते रहे हैं हमने सांसदों के माध्यम से कानून मंत्री सहित प्रधानमंत्री को प्रतिवेदन दे अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा कवर योजना अधिवक्ता पेंशन योजना और युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन योजना हेतु बजटीय प्रावधान किए जाने की निरंतर मांग कर रहे है । भारत सरकार के विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा कवर लागू किए जाने की बात भी कही जिसपर हम अधिवक्ताओं को विश्वास था कि इस बार राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य बीमा कवर हेतु निश्चित धनराशि का प्रावधान हो जायेगा किंतु पूर्व की भांति इस बार भी बजट में अधिवक्ताओं की पूर्ण उपेक्षा की गई। राष्ट्रीय बजट ने अधिवक्ताओं को फिर किया निराश ।जबकि हमें विश्वास था इस बजट में अधिवक्ताओ की सामाजिक सुरक्षा के लिए कुछ ना कुछ जरूर किया जाएगा । ऐसा लगता है कि सरकार अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा के प्रति कतई गंभीर नहीं है। किंतु हम अधिवक्तागण अपनी सामाजिक सुरक्षाये लागू कराने हेतु निरंतर प्रयासों में लगे रहेंगे ।परिचर्चा में राम नवल कुशवाहा कोषाध्यक्ष बार एसोसिएशन अरविन्द दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन अनूप जायसवाल रवी मोहन आयुष शुक्ला मो इमरान राजेश सिंह अनूप श्रीवास्तव बी के दस जावेद अहमद शुशील कटियार शनि कुमार वीर जोशी शिवम गंगवार के के यादव प्रियम जोशी आदि रहे।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के समस्या समाधान शिविर में पहुंचे दिव्यांग, दिव्यांग पेंशन की आई सर्वाधिक शिकायतें

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शास्त्री नगर बड़ा सेंट्रल पार्क गेट नंबर 4 में शिविर का आयोजन किया शिविर में दूर दराज से आए दिव्यांगों ने पेंशन न मिलने,दिव्यांगों ने अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त करने, रोजगार के लिए ऋण न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। 38 दिव्यांगों के पेंशन, 14 दिव्यांगों की फैमिली आई डी,4दिव्यांगों के कृतिम अंग, 6 दिव्यांगों ऋण के न मिलने की शिकायत दर्ज कराई।

वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 4 जनवरी घाटमपुर, 5 पतरा, 6 विधनू , 7 भीतरगांव, 10 कल्याणपुर में कैंप का आयोजन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगजन निर्धारित तिथि को जाकर अपनी सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान करवा लें।

बहुत से दिव्यागों की पेंशन पीएफएमएस में लम्बित दिखा रहा है दिव्यांगों को कई महीनो से पेंशन न मिलने की शिकायत बराबर आ रही है।

राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि बैंकों द्वारा एनपीसीआई नहीं करने के कारण दिव्यांगजनों की पेंशन उनके खातों में नहीं पहुंच पा रही है। एनपीसीआई के लिए बैंक दिव्यांगजनों को परेशान कर रहे हैं। वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि जल्द ही पेंशन की समस्या के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी से सम्पर्क कर बैंकों की शिकायत की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी समस्याओं का निस्तारण विभागों से संपर्क कर कराया जाएगा ।वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि रेलवे यूनिक कार्ड अब ऑनलाइन भरे जाएंगे ऑफलाइन की प्रक्रिया उत्तर मध्य रेलवे ने समाप्त कर दी है। अब वेबसाईट पर जलाकर दिव्यांगजन आवेदन करें। किसी प्रकार की असुविधा हो तो शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क बगिया में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं ।आज के शिविर में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार,अल्पना कुमारी,सीमा कुशवाहा,गौरव कुमार,रंजीत कुमार, गोमती वर्मा,अनुराधा गुप्ता आदि मौजूद थे।

# 14 वर्ष की नाबालिक लड़की को पटका, फिर गला दबाकर की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस ने मीडिया के सामने बड़ा खुलासा किया है। बताया रामनरेश रविदास पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सिकटिया थाना महाराजपुर ने स्थानीय थाने पर सूचना दिया कि उनकी पुत्री जो की 14 वर्ष है खोई हुई बकरी को खोजने के लिए घर से बाहर भट्टे की तरफ गई थी जो काफी खोजने के बाद वापस घर नहीं आई है।

तीन दिन बाद दिव्यांशी की लाश लक्स भत्ते के सामने अरहर के खेत में बरामद हुई। विवेचना के दौरान पुलिस को अभियुक्त उदयभान पुत्र स्वर्गीय कल्लू निवासी ग्राम सिकटिया उम्र 24 वर्ष की जानकारी मिली जिसे सरसौल रेलवे ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया है।

पूछताछ के बाद अभियुक्त उदय भान ने पुलिस को बताया कि 27 जनवरी 2025 को मैं रामनरेश के घर के सामने मंदिर के किनारे गुल्ली डंडा खेल रहा था मैंने देखा रामनरेश की पुत्री अपनी बकरी को खोजने के लिए भट्टे की तरफ जा रही है, मैं भी बकरी दुढवाने के बहाने से उसके पीछे पीछे गया और उसे बहाने से भट्टे के सामने अरहर के खेत में ले गया। उस दिन मैंने शराब भी पी रखी थी। मैं बुरी नियत से लड़की को पकड़ लिया। वह चिल्लाने लगी और कहने लगी मैं तुम्हें जानती हूं तुम्हारी शिकायत अपने घर वालों से कर दूंगी। यह सुनकर मैं डर गया की कही मैं पकड़ा ना जाऊं तो मैंने उसे उठाकर पटक दिया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी ।जब लड़की के गायब होने की चर्चा गांव में चलने लगी तब मैं रामनरेश के परिवार वालों के साथ मिलकर लड़की ढूंढने का नाटक करने लगा था ताकि कोई मुझ पर शक ना कर सके।

# बाबूपुरवा पुलिस ने स्कूटी चोर को किया गिरफ्तार

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सहायक पुलिस आयुक्त बाबू पूर्वा के निर्देश व प्रभारी निरीक्षक बाबू पुरवा के नेतृत्व में 30-01- 2025 को बीएनएस की घटना का सफल अनावरण करते हुए उप निरीक्षक हेमंत कुमार मावी थाना बाबू पुरवा, उप निरीक्षक गौरव कुमार चौकी प्रभारी बगाही, उप निरीक्षक आफताब, उप निरीक्षक यूटी बालमुकुंद कौशिक के द्वारा अभियुक्त रेहान अली पुत्र अरमान अली निवासी 98/179 नाजिर बाग, दलेल पुरवा, थाना बेकनगंज, कानपुर नगर जिसकी उम्र करीब 28 वर्ष है को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रेहान अली द्वारा घर के बाहर खड़ी स्कूटी को चोरी किया गया था। स्कूटी को बरामद करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

# बढ़ती महंगाई से जनता पर बोझ बढ़ रहा है:आसिफ कादरी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने पीडीए मिशन और डॉ भीमराव अंबेडकर की नीतियों को लेकर वार्ड 15 ईदगाह कॉलोनी में पीड़ीए पंचायत की अध्यक्षता की ।सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष कार्यक्रम संयोजक आसिफ कादरी के नेतृत्व में पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने कहा कि बेरोजगारी महंगाई पर सरकार जनता के साथ आंखमिचौली खेल रही है क्योंकि अर्ध सरकारी, केंद्रीय या प्रांतीय सरकारों के अधीनस्थ लाखों स्थान नौकरियों के रिक्त पड़े हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों से आध्यात्मिक संबंधों के कारण भर्ती नही हो रही है जिससे बेरोजगारी बढ़ रही है सपा अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने संबोधन में कहा कि महंगाई ने

अपनी पूरी क्षमता से जनता के परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है दाल आटा तेल की महंगाई से परिवारों का बजट फेल हो गया है लेकिन सरकार जनता के साथ अनदेखी करके दूसरी ओर डूबी हुई है। कार्यक्रम दौरान मुख्य अतिथि सीसामऊ विधानसभा विधायक नसीम सोलंकी उपस्थित हुई।

अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद ने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन के साथ मौसम का मिजाज बदल गया है जिसके कारण गेहूं का उत्पादन घटेगा लेकिन सरकार ने गोदामों से गेहूं बाजार में ना निकला तो बाजार में गेहूं महंगा और महंगा हो जाएगा।

पी.डी.ए पंचायत कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,विधायक नसीम सोलंकी,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,सरताज अनवर,आनंद शुक्ल,रजत मिश्रा,फखरे आलम आंसारी, विनय गुप्ता,उदय द्विवेदी,अरशद दद्दा,दीपक खोटे,शादाब आलम,अनूप यादव,सीसामऊ विधानसभा अध्यक्ष आसिफ कादरी, वरुण जयसवाल, आकाश यादव, मोहम्मद अरशद दद्दा, सैफ़ वारसी, मोहम्मद इमरान, आरिफ़ राजू, इकरार, इकबाल खान,अहमद,तासिब, तौफीक शीबू, साकिब मिस्बाह,इस्तियाक, राहुल अंबेडकर, रमेश कुरील, प्रकाश सोनकर, रोहित बाल्मीकि, जितेन्द्र कुमार, हरजीत, शानू ख़ान, गुड्डू,भोला, राजेश कठेरिया,मालू गुप्ता श्याम सिंह यादव,शिव कुमार वाल्मिक,अमित यादव,सौरभ सिंह,साकिब मिस्बाह,अल्तमस सिद्दीकी,संतोष यादव,आकाश निगम,राजेश कठेरिया,मुकेश गुप्ता,गगनदीप सिंह, विकास वर्मा,ओम प्रकाश चौटाला,अरविंद यादव,अभिषेक रावत आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# ऑटो को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर डंफर से टकराई

कानपुर। थाना घाटमपुर क्षेत्र गुजैला के पास एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें रोडवेज बस चालक द्वारा एक ऑटो को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डंफर से टकरा गई। इस दुर्घटना में लगभग 6-7 लोग घायल हुए। घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ॅष्ट) घाटमपुर भेजा गया। दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रशासन द्वारा बस को सड़क से हटवा दिया गया। और यातायात को सामान्य कर दिया गया।

# अप्रवासी भारतीयों को एक कैदी के रूप में माल वाहक जहाज में बैठा कर अमानवीय यातनाएं



**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा आज दिनांक 8 फरवरी 2025 को कानपुर के कचहरी स्थित चेतना चौराहे से भारत सरकार की कमजोर नीतियों के कारण अमेरिका द्वारा किए गए भारतीयों के अपमान जिसके अंतर्गत अप्रवासी भारतीयों को एक कैदी के रूप में माल वाहक जहाज में बैठा कर अमानवीय यातनाएं देने के बाद भारत भेजने पर पूरे भारत की 130 करोड़ जनता के अपमान के रूप में लेने पर प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व के आह्वान पर विशाल प्रदर्शन मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर प्रदर्शन किया गया एवं राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया गया।

जिसके अंतर्गत सभी कांग्रेस जन प्रतीकात्मक विरोध के रूप में अपने हाथ और पैर में बेड़ियां व हथकड़ियां लगाकर प्रदर्शन किया ।

प्रदर्शन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा,पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव दरियाबादी आदि ने संबोधित करते हुए कहां जब-जब भाजपा की सरकार बनी है हमेशा भारत का अपमान कराया गया चाहे वह जॉर्ज फर्नांडिस का प्रकरण हो जिसमें एयरपोर्ट में उनकी जांच के नाम पर सारे कपड़े उतरवा लिए गए थे । अगर 130 करोड़ भारतीयों ने अमेरिकी कंपनियों के विरोध और उनके उत्पाद का विरोध शुरू कर दिया तो अमेरिका का आर्थिक ढांचा नष्ट होने लगेगा सारे कांग्रेस जन हाथों में तख्ती लिए हुए थे जिसमें लिखा था हथकड़ियां में हिंदुस्तानी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान डंकाधिपति इस्तीफा दो इस्तीफा दो अबकी बार ट्रंप सरकार कहने वाले होश में आओ होश में आओ आदि नारों को लगाते हुए चल रहे थे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री शंकर दत्त मिश्रा, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, नरेश त्रिपाठी,महेश मेघानी,लल्लन अवस्थी,गुफरान अहमद चांद,आतिफ रहमान, दीपक त्रिवेदी , मुकेश दुबे,राजेश गौतम,डब्बू दीक्षित, श्यामदेव सिंह, हीरा लाल निषाद,रवि तिवारी, राजकिशोर वर्मा, मुकेश वाल्मीकि,अबरार, इस्लाम सिद्दीकी, इकबाल अंसारी, अब्बास अंसारी, सतीश वाल्मीकि, विनय पांडे, मुकेश कनौजिया,अजय त्रिपाठी,आरिफ पहलवान,जावेद आलम,अफजाल अहमद, चांद,हरीश गुप्ता,विशाल सोनकर,अब्दुल तारिक, मेराज अहमद, मदन गोपाल रखरा, वीरेंद्र चतुर्वेदी, संजय सोनकर, संदीप निषाद ,राज लक्ष्मी सिंह, इमराना खान, फुजैल अंसारी, शांतनु दीक्षित, रवि बाजपेई, राधेश्याम कश्यप आदि सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# व्यापारियों में जीएसटी विभाग की कार्रवाई को लेकर आक्रोश

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। मार्बल टाइल के व्यापारियों की एक बैठक किदवई नगर आलू मंडी में संपन्न हुई स्टेट जीएसटी कानपुर नगर सचल दल इकाइयों के द्वारा मार्बल टाइल की गाड़ियों को उनके प्रतिष्ठान से उठाना और उनके ऊपर पेनल्टी का दबाव बना करके रुपए जमा करना दूसरा मुद्दा ट्रैफिक विभाग के द्वारा व्यापारियों को परेशान करना इस पर मार्बल टाइल का एक जनप्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द डीसीपी ट्रैफिक कानपुर नगर से भेंट करके व्यापारियों की समस्या जो आ रही है डीसीपी साहब को अवगत कराएगा।

बैठक में मुख्य संरक्षक अनूप तिवारी प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अशोक शुक्ला वरिष्ठ व्यापारी आशुतोष दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़ अजय तिवारी उर्फ अज्जू सुशील सक्सेना अनिल मिश्रा मनोज शुक्ला विशाल अग्रवाल धीरज मिश्रा शिवम मिश्रा पतंजलि शुक्ला राहुल जयसवाल विजय सिंह मोहम्मद जावेद बृजेश गुप्ता मोहम्मद मोहसिन पीयूष दाधीच सुरेश कुमार रानी पुनीत मेहरोत्रा मोहम्मद इस्लाम सेठी भैया आलोक गुप्ता मोहम्मद कैफ आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में सरकार मर चुकी है 16 को सरकार की अस्थि कलश यात्रा व 24 को मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन में डालेंगे ताला

## दिव्यांग आत्महत्या कर रहे हैं सरकार मौज कर रही है

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। दिव्यांग महागठबंधन की ऑनलाइन बैठक में सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को नौकरी, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटी न देने, डेढ़ लाख दिव्यांगों की पेंशन खत्म करने की साजिश करने,14 माह से ईको गार्डेन लखनऊ में धरना अनशन कर रहे हैं लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरियों से वंचित करने के विरोध में 16 फरवरी को सरकार की अस्थि कलश यात्रा कानपुर के गोल चौराहा से प्रयागराज के लिए निकाली जाएगी व 24 फरवरी को विधानसभा के सामने लोक भवन में मुख्यमंत्री कार्यालय में उत्तर प्रदेश के दिव्यांगजन ताला डालकर अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है।दिव्यांग आत्महत्या कर रहे हैं सरकार दिव्यांगों को नौकरी रोजगार स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा कि सौ गारन्टी से वंचित कर रही है। सरकार संवेदनहीन हो गई है। इसके विरोध में 16 फरवरी को गोल चौराहा कानपुर नगर से सरकार की अस्थि कलश यात्रा प्रयागराज के निकल जाएगी और 24 फरवरी को विधानसभा के सामने लोक भवन में मुख्यमंत्री कार्यालय में ताला डाला जाएगा। वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि संवेदनहीन अधिकारी और संवेदनहीन सरकार को अब जवाब देना जरूरी हो गया है। आंदोलन से सरकार के ऊपर कोई भी फर्क नहीं पड़ रहा है इसलिए कड़ा निर्णय लेना पड़ा है।महागठबंधन के अध्यक्ष मनीष प्रसाद ने कहा कि अब अति हो गई है और अति का अंत होना चाहिए। कब तक दिव्यांग भाई-बहन आंदोलन करते रहेंगे। ईको गार्डन में चल रहे आंदोलन को खत्म कराना हमारी मजबूरी है। दिव्यांगों को अगर न्याय नहीं मिलता है तो अब आंदोलन सरकार व शासन के खिलाफ होगा सड़क पर होगा। अधिकारियों के संवेदनहीनता के विरोध में ये आंदोलन है,पेंशन खत्म करने, पेंशन 5000 न करने का काम सरकार कर रही है । दिव्यांगजनों की पेंशन पीएफएमएस में लंबित दिखाकर पेंशन को खत्म करने की साजि़श हो रही है।आज की बैठक में दिव्यांग महा गठबंधन के महासचिव वीरेंद्र कुमार प्रदेश अध्यक्ष से मनीष प्रसाद पोषाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा प्रवक्ता आनंद तिवारी राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

# हैलट की निर्माणाधीन बिल्डिंग में युवक की लटकी मिली लाश, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। हैलट अस्पताल के अंदर एक 40 वर्षीय युवक की फांसी पर लटकती लाश मिली। युवक की जहां लाश मिली, वो बिल्डिंग निर्माणाधीन है। शनिवार सुबह जब मजदूर पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई। सूचना पर स्वरूप नगर पुलिस पहुंच गई और जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने कहा- अभी युवक की पहचान नहीं हो पाई है।

हैलेट अस्पताल की बिल्डिंग का कई महिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि युवक ने शुक्रवार रात को फंदा लगाया है। जब सुबह मजदूर काम करने पहुंचे तो शव लटका देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद तुरंत पुलिस को जानकारी दी गई। फिलहाल पहचान की कोशिश की जा रही है। मौके पर पहुंची स्वरूप नगर पुलिस और फारेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद शव को फंदे से उतारने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से मृतक की चप्पल और शॉल मिला है, लेकिन शव के पास से किसी प्रकार की कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। इसके अलावा पुलिस को कोई भी सुसाइट नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि मृतक आसपास के इलाके लग रहा है। जल्द ही उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक लेबर प्रतीत हो रहा है। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी शिनाख्त के लिए सोशल मीडिया पर भी पोस्ट डाला गया है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य विभाग टीम ने नौबस्ता बसंत विहार स्थित ओम ट्रेडर्स में मारा छापा, खुला राइस ब्रान ऑयल किया सीज



कानपुर। सहायक खाद्य आयुक्त खाद्य सेकंड के आदेश पर खाद्य विभाग की टीम ने नौबस्ता वसंत विहार स्थित ओम ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय वर्मा द्वारा कालिका ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल का नमूना जांच के लिए लिया गया ।वही खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.पी. सिंह द्वारा खुला राइस ब्रान ऑयल जो बिक्री करने के लिए टैंक में भंडारित था का नमूना जांच के लिए लिया गया। व 2000 लीटर जिसकी कीमत 2,20000 है खुला राइस ब्रान ऑयल सीज किया गया।

# जनता दर्शन में आई महिला के दाखिल खारिज पर डीएम ने कराई कार्रवाई

कानपुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के के पास पहुंची और उन्हें अपनी समस्या बताई। डेढ़ बीघा जमीन के दाखिल खारिज के लिए किदवई नगर निवासी एक महिला पिछले सात साल तक तहसील के चक्कर काट रही। कई जिलाधिकारी आए हर किसी से गुहार लगाई लेकिन ये सरकारी तंत्र नहीं पसीजा। इसके लिए महिला ने सारे जतन कर लिए।इस पर जिलाधिकारी ने अन्य कर्मचारियों को फोन किया और महिला की सात साल की तकलीफ को कुछ घंटे में हल कर दिया। इस दौरान पीड़िता ने दो बार वकील बदला। किदवईनगर के-ब्लॉक निवासी माधवी तिवारी ने शुक्रवार जनता दर्शन में जिलाधिकारी से मिलकर अपनी समस्या बताई। माधवी ने बताया कि अप्रैल 2018 में जहांगीराबाद परगना घाटमपुर निवासी धीरेंद्र नाथ तिवारी से डेढ़ बीघा जमीन खरीदी थी। बैनामा के बाद मई माह में उनके पक्ष में दाखिल खारिज बैनामा के बाद मई माह में उनके पक्ष में दाखिल खारिज का आदेश हो गया।

# मरम्मत के दौरान लाइनमैन को लगा करंट, हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। सजेती थाना क्षेत्र के कुरिया निवासी 25 वर्षीय मोहित पुत्र मनफूल, जो बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत हैं, की हालत बिजली का करंट लगने से गंभीर हो गई। घटना बहरौली गांव के पास उस समय हुई जब वह बिजली लाइन की मरम्मत कार्य में लगे हुए थे।गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहित अपनी नियमित ड्यूटी पर थे और बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के लिए मरम्मत कार्य कर रहे थे। इस दौरान अचानक उन्हें तेज करंट का झटका लगा। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पुलिस से खेल रहे थे आंख मिचौली दबोचे गए

कानपुर। काका देव थाना क्षेत्र शास्त्री नगर चौकी प्रभारी सचिन भाटी की चौकी क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ लगातार जारी।अपराधियों में है खौफ का माहौल। पकड़ा गया वारंटी अपराधी व हिस्ट्रीशीटर शास्त्री नगर निवासी सुधीर शर्मा पुत्र देवराज शर्मा व दूसरा अपराधी रिंकू उर्फ बृजेंद्र राजपूत पुत्र स्व. रामगोपाल राजपूत हैअभियुक्त सुधीर शर्मा व रिंकू काफी समय से कानून को चकमा देकर पुलिस से खेल रहा था आंख मिचौलीअभियुक्त सुधीर वा रिंकू को कानूनी कार्यवाही के उपरांत न्यायालय भेजा जा रहा है।


**विज्ञापन कार्यालय-130/4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर**

**नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)**



**बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941**








बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।